शुक्रवार, 13 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 34 |
| आर्द्रता | 95% |
| सूर्योदयः 05:47 | सूर्यास्तः 17:44 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा



नेता प्रतिपक्ष और किसी भी सदस्य को नियम के खिलाफ जाकर बोलने का विशेषाधिकार नहीं: बिरला पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : आँख न हो तो मनुष्य हृदय से देख सकता है, पर हृदय न होने से आँख बेकार है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने एलपीजी को लेकर दहशत फैलाने वालों पर निशाना साधा

## राज्यों से कालाबाजारी पर नजर रखने को कहा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में रसोई गैस की स्थिति को लेकर दहशत फैलाने की कोशिश करने वालों पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वे न केवल जनता के सामने खुद को बेनकाब कर रहे हैं बल्कि देश को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यहां 'एनएक्सटी समिट' को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट से कोई भी देश अछूता नहीं है लेकिन भारत इस चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग मौजूदा हालात का फायदा उठाकर कुछ उत्पादों की कालाबाजारी करने की कोशिश कर रहे हैं और चेतावनी दी कि ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, मैं राज्य



सरकारों से अनुरोध करता हूं कि वे ऐसे समय में कालाबाजारियों और जमाखोरों को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाएं। रसोई गैस के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में एलपीजी को लेकर काफी चर्चा हो रही है, और कुछ लोग अनावश्यक रूप से दहशत फैला रहे हैं। मोदी ने कहा, ''मैं इस समय कोई राजनीतिक बयान देना नहीं चाहता। जो लोग दहशत फैला रहे हैं, वे न केवल जनता के सामने अपने इरादों को उजागर कर रहे हैं, बल्कि देश को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार कई मोर्चों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है और पिछले कुछ दिनों में उन्होंने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम के बारे में कई देशों के नेताओं से बात की है। उन्होंने कहा, हम आपूर्ति शृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि किसानों और नागरिकों को वैश्विक चुनौतियों के बोझ से बचाया जा सके।

### पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से की बात, कहा– भारतीयों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार रात ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बात की और पश्चिम एशिया में गंभीर स्थिति पर चर्चा की। मोदी ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव और आम लोगों की जान जाने के साथ–साथ असैन्य बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति को बताया कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के साथ–साथ सामान और ईंधन के निर्बाध परिवहन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'क्षेत्र में गंभीर स्थिति पर चर्चा के लिए मैंने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से बातचीत की। मैंने तनाव बढ़ने, नागरिकों की जान जाने और नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की।'

## आर. एन. रवि ने पश्चिम बंगाल के 22वें राज्यपाल के तौर पर ली शपथ

# राज्य की जनता की 'अत्यंत निष्ठा' से सेवा करूंगा : राज्यपाल आर.एन. रवि



**मुख्यमंत्री ममता, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य सचिव समेत अन्य आला अधिकारी रहे मौजूद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के 22वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद आर.एन. रवि ने गुरुवार को राज्य की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नमन करते हुए यहां की जनता की 'अत्यंत निष्ठा' के साथ सेवा करने का संकल्प व्यक्त किया। इस दिन, शपथ ग्रहण तय समय सुबह 11:30 बजे शुरू हुआ और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी रवि को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल ने लोक भवन में आयोजित समारोह में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण से पहले और बाद में राष्ट्रगान वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन मन बजाया गया। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस भी मौजूद थे। शपथ लेने के बाद नए राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और मेहमानों से बातचीत की। रवि ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी संदेश में कहा कि राज्य की जनता की सेवा करने का अवसर पाकर मैं अत्यंत धन्य और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह महान भूमि हजारों वर्षों से भारत की आध्यात्मिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक राजधानी रही है। उन्होंने अपने संदेश में राज्य के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वह भूमि है जहां वेदों का शाश्वत ज्ञान फला–फूला, जहां गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को नयी अभिव्यक्ति मिली और जहां भक्ति की महान परंपरा विकसित हुई। रवि ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका का भी जिक्र किया और चैतन्य महाप्रभु, स्वामी विवेकानंद, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ ठाकुर, श्री अरबिंदो, सुभाष चंद्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी हस्तियों का संदर्भ दिया। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि मैं मां दुर्गा से प्रार्थना करता हूं कि वह मुझे इस भूमि के लोगों की अत्यंत निष्ठा के साथ सेवा करने के लिए ज्ञान और शक्ति प्रदान करें।

**'बंगाल उनसे प्यार करता है जो बंगाल से प्यार करते हैं', ममता का नए राज्यपाल को संदेश**

शपथ ग्रहण समारोह के बाद बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उनसे पहला संदेश था कि बंगाल उनसे प्यार करता है जो बंगाल से प्यार करते हैं। इस दिन, शपथ समारोह खत्म होने के बाद, मुख्यमंत्री ने नए राज्यपाल के गले में लबादे का एक टुकड़ा डालकर उनका स्वागत किया। उस बातचीत के दौरान, मुख्यमंत्री ने रवि को यह छोटा सा संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से कहा कि बंगाल और बंगाली सभी भाषाई बैकग्राउंड के लोगों का सम्मान करते हैं।

# 'डरे नहीं, अपना काम करते रहें', ममता ने जिलाधिकारियों के साथ बैठक में कहा



- **मुख्यमंत्री ने 'बाहरी लोगों' को रोकने के लिए कड़ी निगरानी का दिया निर्देश**
- **ईवीएम को लेकर दी चेतावनी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव की घो–षणा से पहले प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर उन्हें बिना डर के अपने दायित्व निभाने का निर्देश दिया। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अधिकारी किसी तरह डरे नहीं और अपनी जिम्मेदारियां सामान्य रूप से निभाते रहें। उन्होंने हाल ही में चुनाव आयोग की ओर से जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ हुई बैठक का जिक्र करते हुए आयोग के कड़े रुख पर भी टिप्पणी की। ममता ने कहा कि चुनाव नजदीक आने के साथ इस तरह की गतिविधियां बढ़ेंगी, लेकिन अधिकारियों को अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में 'बाहरी लोगों' के मुद्दे पर भी जिलाधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने दावा किया कि चुनाव से पहले राज्य में बाहरी लोगों को लाने की कोशिश हो रही है। इस पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर होटलों में छापेमारी तथा नाका चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि चुनाव से पहले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले चुनाव आयोग की सामान्य प्रक्रिया है और इससे अधिकारियों को निराश नहीं होना चाहिए। यदि किसी अधिकारी का तबादला होता है तो राज्य सरकार उन्हें बाद में पदोन्नति देने पर विचार करेगी।

# कल पीएम मोदी बंगाल में 18,680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन

**सड़क, बंदरगाह और रेलवे क्षेत्रों में बड़े सुधार होंगे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 मार्च यानी शनिवार को बंगाल के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान, वे राज्य को बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी से जुड़ी लगभग 18,680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंग। प्रधानमंत्री के इस दौरे का मुख्य फोकस सड़क, बंदरगाह और रेलवे क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। प्रधानमंत्री 16,990 करोड़ रुपये की लागत वाली सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण खड़गपुर–मोरग्राम आर्थिक गलियारा है। इसके अलावा, एनएच–14 पर दुबराजपुर बाईपास और कांगशबती व शिलाबती नदियों पर नए पुलों की आधारशिला भी रखी जाएगी। समुद्री व्यापार को गति देने के लिए पीएम मोदी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स के बर्थ नंबर दो के मशीनीकरण और खिदिरपुर डॉक्स के जीर्णोद्धार का उद्घाटन करेंगे। साथ ही, कोलकाता नदी तट के संरक्षण और एक नए रिवर क्रूज टर्मिनल के निर्माण की भी योजना है, जिससे राज्य में नदी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। रेल क्षेत्र में पीएम मोदी पुरुलिया–आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अतिरिक्त, 'अमृत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित छह रेलवे स्टेशनों (हल्दिया, सिउड़ी आदि) का उद्घाटन और बेल्दा–दांतन के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की जाएगी।

# भारत होर्मुज से अपने व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए ईरान के संपर्क में

**नयी दिल्ली :** भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक जहाजरानी मार्ग से भारतीय ध्वज वाले लगभग 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने को लेकर ईरान के साथ संपर्क में है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष के बीच ईरान ने इस मार्ग को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष के बीच हुई बातचीत के दौरान जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दे उठे थे। पता चला है कि ईरान ने पिछले चार–पांच दिन में भारतीय ध्वज वाले किसी भी वाणिज्यिक टैंकर को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी है। पोत परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में भारतीय ध्वज वाले कुल 24 जहाज 677 भारतीय नाविकों के साथ मौजूद हैं, जबकि रणनीतिक जलमार्ग के पूर्व में 101 भारतीय नाविकों वाले चार जहाज तैनात हैं। जारी संघर्ष के बीच भारत के लिए कच्चा तेल लेकर आ रहा एक विदेशी ध्वज वाला टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य को सकुशल पार कर मुंबई पहुंच गया है जबकि एक अन्य बड़ा टैंकर भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश कर ओडिशा के पारादीप बंदरगाह की तरफ बढ़ रहा है।



**होर्मुज से होकर एक तेल टैंकर मुंबई पहुंचा, एक अन्य पारादीप की राह पर**

### सरकार ने घरों के लिए केरोसिन आवंटन बढ़ाया, होटल–रेस्तरां को मिली वैकल्पिक ईंधन की मंजूरी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को घरेलू उपयोग के लिए केरोसिन (मिट्टी के तेल) की अतिरिक्त आपूर्ति शुरू करने के साथ होटल–रेस्तरां क्षेत्र को अस्थायी रूप से कोयला एवं अन्य वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग की अनुमति दे दी। सरकार ने राज्यों को एक लाख किलोलीटर के नियमित कोटे के अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर मिट्टी का तेल आवंटित किया है, जिसका उपयोग खाना पकाने के ईंधन के रूप में किया जाएगा। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आतिथ्य क्षेत्र में ईंधन की किल्लत को देखते हुए पर्यावरण नियामक निकायों को एक महीने के लिए बायोमास, आरडीएफ पेलेट और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग की अनुमति देने के लिए कहा गया है।

**एलपीजी का उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ा, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं: पुरी**



## दूषित पानी शुद्ध करने की संवेदनशील पहल हो

अक्सर कहा जाता है कि जल ही जीवन है। लेकिन यह जल यदि दूषित हो तो क्या इसे जीवन कहा जा सकता है? यूं तो देश के गांवों में महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन जोर-शोर से चलाया जाता रहा है। लेकिन यह बात परेशान करती है कि पेयजल का बड़ा हिस्सा प्रदूषित पाया गया है। लोग सेहत के लिये हानिकारक जल पीने को मजबूर हैं। फलत: इससे उत्पन्न बीमारियों की चुनौतियों का सामना करने को बाध्य होते हैं। यह हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही कही जाएगी कि देश के करोड़ों लोग आज भी स्वच्छ जल की उपलब्धता से वंचित हैं। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि देश के तमाम इलाकों में लिए गए दूषित पेयजल नमूनों के करीब दो तिहाई हिस्से को शुद्ध करने के प्रयास नहीं हुए हैं। जो इस बात को दर्शाता है कि आज भी देश के करोड़ों लोग स्वच्छ पेयजल हासिल नहीं कर पा रहे हैं। यह स्थिति हमारे विकास के मॉडल व तरक्की के दावों की तार्किकता पर प्रश्न चिन्ह लगाती है। यही वजह है कि दूषित जल से होने वाले रोगों का दायरा बढ़ रहा है। यह अच्छी बात है कि जोर-शोर से घर-घर नल से जल पहुंचाने की सार्थक पहल की गई। निस्संदेह, हर व्यक्ति का अधिकार है कि उसे अपने घर में स्वच्छ पेयजल मिले। इसी मकसद से साल 2019 में जल जीवन मिशन को सिरे चढ़ाया गया था। लेकिन इस योजना के सुरक्षित तरीके से संचालन और स्वच्छ जल आपूर्ति को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं। यह हकीकत है कि जब लोगों को स्वच्छ जल नहीं मिलता तो कई तरह के रोगों के पैदा होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। कहा भी जाता है कि हमारे अधिकांश रोग पेट से ही शुरू होते हैं। खासकर बच्चों व बुजुर्गों के लिये यह एक बेहद संवेदनशील मामला है। जिससे बचने के लिये स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना बेहद जरूरी हो जाता है।

देश में बार-बार स्वच्छ शहर का खिताब हासिल करने वाले मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में पिछले दिनों प्रदूषित पेयजल से होने वाली मौतों ने देश में खतरे की घंटी बजायी। घटना ने स्पष्ट संकेत दिया कि यदि इस दिशा में व्यापक स्तर पर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले समय में देश के सामने गंभीर स्वास्थ्य चुनौती पैदा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों तक पहुंचाए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की परख के लिये पानी के सैंपल लिए जाते हैं। साथ ही स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह लोगों के खिलाफ एक्शन भी लिया जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जल जीवन मिशन के तहत तमाम राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में पेयजल सैंपलों की जांच की गई। लेकिन चिंताजनक स्थिति यह है कि कुल नमूनों के छब्बीस प्रतिशत को ही शुद्ध करने के प्रयास हुए हैं। आखिर देश के किसी भी भाग में पेयजल के सैंपल लेने का क्या औचित्य रह जाता है, जब प्रदूषित जल को लेकर उपचारात्मक प्रयास न किए जाएं। सवाल केवल ग्रामीण इलाकों के लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का ही नहीं है, शहरी इलाकों में शुद्ध जल की उपलब्धता भी सुनिश्चित होनी चाहिए। गाहे-बगाहे देश के शहरी इलाकों में भी प्रदूषित जल पीने से बीमार होने की खबरें आती रहती हैं। लेकिन स्थानीय निकाय इस चुनौती को गंभीरता से नहीं लेते। संपन्न लोग तो आरओ तथा फिल्टर आदि वैकल्पिक व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन कमजोर वर्ग व सामान्य लोग दूषित पानी के उपयोग के लिये मजबूर होते हैं। स्वच्छ जल प्राप्त करना हर नागरिक का मौलिक व जीवन रक्षा का अधिकार जैसा है, जिसे गंभीरता से लेना चाहिए। इंदौर की घटना से सबक लेकर स्थानीय निकायों और प्रशासन को पेयजल व सीवर लाइन को सुरक्षित दूरी पर रखना सुनिश्चित करना चाहिए। जिन इलाकों में पेयजल पाइप लाइन को बिछे दशकों हो गए हैं, वहां उन्हें बदलने का काम युद्धस्तर पर किया जाना चाहिए। साथ ही रोजमर्रा की जरूरतों में काम आने वाले भूजल की गुणवत्ता सुधारने तथा घातक रसायनों से उसे मुक्त कराने की दिशा में गंभीर पहल की जाए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 मार्च, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष नवमी, 06:28 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 26:54 तक, योग : व्यतिपाता, 10:23 तक, सूर्योदय: 05:50, सूर्यास्त: 17:44, चन्द्रोदय : 01:41, चन्द्रास्त: 12:23, शक सम्वतः 1943 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 10:17 से 11:46

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपको अपनी सेहत पर थोड़ा अधिक ध्यान देने की सलाह दे रहा है, क्योंकि किसी पुरानी बीमारी के दोबारा उभरने की संभावना बन सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपको अपने व्यवहार और वाणी पर संयम रखने की सलाह दे रहा है। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी की कोई बात आपको थोड़ी बुरी लग सकती है, लेकिन धैर्य से काम लें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। लंबे समय बाद किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की संभावना है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

**कर्क :** आज का दिन आपको धैर्य और समझदारी के साथ काम लेने की सलाह दे रहा है। सफलता पाने के लिए आपको अपनी मेहनत और प्रयासों पर भरोसा रखना होगा।

**सिंह :** आज आप दोस्तों के साथ कुछ समय हंसी-मजाक और मौज-मस्ती में बिताएंगे, जिससे पुरानी यादें भी ताजा हो सकती हैं। माता-पिता का सहयोग और आशीर्वाद भी आपको भरपूर मिलेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए कुछ नया और रचनात्मक करने का अवसर लेकर आ सकता है। आप अपने किसी सहकर्मी से भी काम को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**तुला :** आज आपको वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए रास्ते खुल सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आ सकता है। पिछले कुछ समय से जो तनाव या चिंता आपको परेशान कर रही थी, उसमें भी अब सुधार दिखाई देगा।

**धनु :** आज यदि कामकाज को लेकर कुछ परेशानियां चल रही थीं, तो उनके दूर होने के संकेत मिल रहे हैं। अपनी मेहनत और लगन के बल पर आप एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए धन और समृद्धि में वृद्धि का संकेत दे रहा है। व्यापार में भी आपको अच्छी सफलता मिल सकती है और नए लोगों से आपकी पहचान बढ़ेगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए सामान्य से मध्यम फल देने वाला रहेगा। आज आपका मन हल्का-फुल्का और मौज-मस्ती के मूड में रहेगा।

**मीन :** आज आप अपनी जरूरतों को पूरा करने में अच्छा-खासा खर्च कर सकते हैं। यदि कोई सरकारी काम लंबे समय से लंबित था, तो उसके पूरा होने की संभावना बन रही है।

# रसोई गैस आपूर्ति प्रबंधन के लिए बंगाल सरकार ने जारी की एसओपी

**❑ कंट्रोल रूम एवं हेल्पनंबर जारी, निगरानी के लिए नयी कमेटी गठित**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) की घोषणा की, ताकि खाड़ी संकट के बीच राज्य में एलपीजी की उपलब्धता के बारे में समन्वित निगरानी, आपूर्ति को स्थिर करने और लोगों की शिकायतों को तुरंत दूर करने में मदद मिल सके। राज्य के सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग की तरफ से गुरुवार की शाम जारी एक बयान के मुताबिक, राज्य सचिवालय नवान्न में एक स्टेट एलपीजी कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जो सेंट्रल कोऑर्डिनेशन और मॉनिटरिंग हब के तौर पर काम करेगा। बयान में कहा गया कि कंट्रोल रूम पूरे राज्य में एलपीजी की उपलब्धता, स्टॉक की स्थिति और मूवमेंट को ट्रैक करेगा और दिक्कतों को दूर करने के लिए जिलों, डिस्ट्रीब्यूटर्स और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ समन्वय करेगा। कंट्रोल रूम में दो डेडिकेटेड हेल्पलाइन नंबर होंगे, जो 247 काम करेंगे। साथ ही, मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती की अध्यक्षता में एलपीजी संकट की मॉनिटरिंग के लिए एक स्टेट-लेवल कमेटी रेगुलर तौर पर सप्लाई की स्थिति का रिव्यू करेगी और सभी सेक्टर्स में एलपीजी की अवेलेबिलिटी को स्थिर करने के लिए पॉलिसी गाइडेंस देगी।

## चुनाव से पहले ममता ने 'पश्चिम बंगाल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड' बनाने की घोषणा

**❑ सीडब्ल्यूबीटीए के प्रेसिडेंट सुशील पोद्दार होंगे बोर्ड चेयरमैन**



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को राज्य में व्यापारी समुदाय के समग्र कल्याण के लिए पश्चिम बंगाल व्यापारी कल्याण बोर्ड (डब्ल्यूबीटीडब्ल्यूबी) के गठन की घोषणा की। ममता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह ट्रेडर्स कम्युनिटी की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड (डब्ल्यूबीटीडब्ल्यूबी) के गठन और नोटिफिकेशन की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जिसका वादा मैंने दिसंबर 2025 में स्टेट ट्रेडर्स कन्वेंशन और बिजनेस एंड इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में किया था। हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं! यह हमारी ट्रेडिंग कम्युनिटी की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। बोर्ड को ट्रेडर्स कम्युनिटी को राज्य सरकार के साथ बातचीत करने में मदद करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड राज्य के हर जिले से प्रतिनिधित्व के साथ, ट्रेडिंग कम्युनिटी और सरकार के बीच रेगुलर बातचीत और कोऑर्डिनेशन के लिए एक इंस्टीट्यूशनल प्लेटफॉर्म देगा। यह लाखों ट्रेडर्स की चिंताओं को दूर करने के लिए काम करेगा। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि बोर्ड के चेयरपर्सन कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीडब्ल्यूबीटीए) के प्रेसिडेंट होंगे, जो राज्य में ट्रेडर्स की सबसे बड़ी बॉडी है, जिससे कम्युनिटी का मजबूत रिप्रेजेंटेशन सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे व्यापारी बंगाल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। हम उनके साथ खड़े रहने और अपने राज्य के लिए एक मजबूत, ज्यादा जीवंत आर्थिक भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



राज्य के नये राज्यपाल आर. एन. रवि ने गुरुवार को अपनी पत्नी लक्ष्मी रवि के साथ प्रसिद्ध शक्तिपीठ कालीघाट मंदिर में मां काली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। राजभवन की ओर से जारी संक्षिप्त जानकारी के अनुसार, राज्यपाल ने मंदिर में विधिवत पूजा करने के बाद राज्य के लोगों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की। बताया गया कि राज्यपाल ने राज्य की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए जनकल्याण की कामना की।

## कोलकाता में पुलिस ने एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ शुरू की कार्रवाई

**पुलिस बैरकों में वैकल्पिक खाना पकाने के उपकरणों की व्यवस्था का निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य के कई हिस्सों में रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने के बीच कोलकाता पुलिस ने गुरुवार को एलपीजी सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लालबाजार स्थित शहर के पुलिस मुख्यालय ने सभी थानों को एलपीजी वितरण और भंडारण पर निगरानी तेज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोलकाता में एलपीजी की कृत्रिम कमी न हो। कालाबाजारी रोकने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि सभी मंडलों के उपायुक्तों को सतर्क कर दिया गया है और उनसे अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थानों को गैस सिलेंडर गोदामों और वितरण केंद्रों की निगरानी करने का निर्देश देने को कहा गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि हम यह जांच कर रहे हैं कि घरेलू उपयोग के लिए बने एलपीजी सिलेंडर व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए तो नहीं भेजे जा रहे हैं । सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी करते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस उन लोगों पर भी नजर रख रही है जिन पर पहले घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर छोटे सिलेंडरों में भरकर अवैध रूप से बेचने का आरोप लगा था, कभी-कभी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए या वाहनों में ईंधन के रूप में। इस बीच, पुलिस बैरकों को निर्देश दिया गया है कि वे 'इंडक्शन कुकटॉप' और माइक्रोवेव अवन जैसे वैकल्पिक खाना पकाने के उपकरणों की व्यवस्था करें।

### वीवो वाई51 प्रो 5जी हुआ लॉन्च

**कोलकाता :** वीवो इंडिया ने आज अपने वाई सीरीज़ में नया स्मार्टफोन वीवो वाई51 प्रो 5जी लॉन्च किया। नया वाई51 प्रो उन यूज़र्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं। वीवो इंडिया के चीफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस ऑफिसर गीताज चन्नाना ने कहा, वीवो में हमारा मानना है कि इनोवेशन ऐसा होना चाहिए जो यूज़र्स के रोजमर्रा के जीवन और काम करने के तरीके को सही मायने में सपोर्ट करे।

### बाजार की अनिश्चितता के दौर में इंश्योरेंस आधारित निवेश विकल्प दे सकते हैं स्थिरता : बंधन लाइफ इंश्योरेंस

**कोलकाता :** बंधन लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सतीश्वर बी. के अनुसार, बीमा में यूलिप जैसे प्लान्स खास तौर पर उन लोगों के लिए संतुलन प्रदान कर सकते हैं जो अपनी कमाई के सबसे अच्छे वर्षों में हैं और भविष्य के लिए मजबूत वित्तीय आधार बनाना चाहते हैं। बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा, बाजार में उतार-चढ़ाव आता रहता है, लेकिन वित्तीय योजना स्थिर होनी चाहिए। अस्थिर बाजार परिस्थितियों में निवेश को लेकर झिझक महसूस होना स्वाभाविक है, खासतौर पर तब, जब लक्ष्य लंबी अवधि का रिटर्न पाने के साथ वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना हो। ऐसे में निवेशकों को उन बीमा-आधारित निवेश विकल्पों पर विचार करना चाहिए, जो बाजार से जुड़े विकास, नुकसान से सुरक्षा और जीवन कवर प्रदान करते हैं और अनिश्चितता के दौर में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

### सफल साइटोरिडक्टिव सर्जरी

**कोलकाता :** दो अलग-अलग कैंसर की मुश्किल हिस्ट्री वाले एक मरीज़ की चौथी सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है और वह अभी अच्छी रिकवरी कर रहा है। पांच साल पहले, मरीज़ को पहली बार छोटी आंत के एक रेयर कैंसर का पता चला था। उस समय, उसकी एक सर्जरी हुई और उसके बाद कीमोथेरेपी हुई, और उसकी हालत सफलतापूर्वक मैनेज हो गई। अगले कुछ सालों में, मरीज़ को रेक्टम में दूसरा, अलग तरह का कैंसर हो गया। इसके लिए एक और बड़ी सर्जरी के साथ-साथ कीमोथेरेपी का कोर्स भी ज़रूरी था। इस कीमोथेरेपी ट्रीटमेंट के दौरान, डॉक्टरों को पेल्विक एरिया में कैंसर के दोबारा होने का पता चला। बदकिस्मती से, कीमोथेरेपी से कैंसर दोबारा होने पर कोई असर नहीं हुआ, जिससे सर्जरी ही सबसे सही इलाज का ऑप्शन बन गया। डॉ. संजय मंडल की मेडिकल टीम ने बार-बार होने वाले ट्यूमर को हटाने के लिए एक मुश्किल साइटोरिडक्टिव सर्जरी की। सर्जरी लगभग चार घंटे तक चली और सफलतापूर्वक पूरी हुई।

## शिवपुर में रामनवमी जुलूस के तय रूट को पुलिस की मंजूरी नहीं, आयोजक हाईकोर्ट का रुख करेंगे

**हावड़ा :** हावड़ा सिटी पुलिस ने इस वर्ष शिवपुर में प्रस्तावित राम नवमी शोभायात्रा के लिए आयोजकों द्वारा बताए गए रूट पर जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी है। हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा कारणों से एक वैकल्पिक मार्ग सुझाया है। जानकारी के अनुसार विश्व हिंदू परिषद ने जुलूस निकालने के लिए आचार्य जगदीश चंद्र बोस इंडियन बोटैनिक गार्डन के गेट नंबर-1 से काजीपाड़ा, जीटी रोड और मल्लिक फाटक होते हुए रामकृष्णपुर घाट तक शोभायात्रा निकालने की अनुमति मांगी थी। लेकिन पुलिस ने इस मार्ग पर अनुमति नहीं दी और इसके बजाय काजीपाड़ा से फोरशोर रोड होते हुए रामकृष्णपुर घाट तक जाने वाले दूसरे रूट की अनुमति दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 2022 और 2023 में रामनवमी जुलूस के दौरान शिवपुर इलाके में हिंसा और टकराव की घटनाएं हुई थीं, जिनकी जांच फिलहाल राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। इसी कारण इस बार सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रूट में बदलाव किया गया है, लेकिन विश्व हिंदू परिषद पुलिस के दिए गए दूसरे रूट को मानने को तैयार नहीं है। हालांकि, दुर्गा वाहिनी की नेता रितु सिंह ने कहा कि संगठन पुलिस के प्रस्तावित वैकल्पिक रूट को स्वीकार नहीं करेगा और इसके खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करेगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी पुलिस ने अनुमति नहीं दी थी, जिसके बाद अदालत ने कुछ शर्तों के साथ मूल रूट पर जुलूस निकालने की अनुमति दी थी।

## चुनाव से पहले सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले गुरुवार को राज्य के सभी 294 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचन अधिकारियों के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों को नियुक्त किया। एक अधिसूचना के अनुसार, उप-विभागीय अधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को निर्वाचन अधिकारी की भूमिका सौंपी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि मेखलीगंज के उप-विभागीय अधिकारी (एसडीओ) को मेखलीगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि माथाभंगा के एसडीओ माथाभंगा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। इसी प्रकार, कूचबिहार के जिला पंचायत एवं ग्रामीण विकास अधिकारी को कूचबिहार उत्तर निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन अधिकारी और कूचबिहार के एसडीओ (सदर) को कूचबिहार दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि नियुक्त किए गए निर्वाचन अधिकारियों में से कुछ 2023 बैच के हैं, जबकि अधिकांश नए हैं। निर्वाचन आयोग ने हाल में राज्य का दौरा कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया था।

## विधानसभा चुनाव : मंथन तेज, भाजपा ने 145 सीटों पर तय किए उम्मीदवार

**❑ मौजूदा विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाने की संभावना**

**❑ पिछले चुनावों में लड़े कई नेताओं को एक और मौका देने पर विचार**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय चुनाव कमेटी की एक अहम बैठक की। इसमें आने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवार चुनने और पूरी रणनीति पर बात की गई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में राज्य भर की करीब 160 विधानसभा सीटों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

पता चला है कि पार्टी ने विधानसभा की 294 सीटों में से करीब 145 सीटों के लिए उम्मीदवार फाइनल कर लिए हैं। सूत्रों ने बताया कि ज्यादा मौजूदा विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है। साथ ही, भाजपा नेतृत्व पिछले चुनावों में लड़े कई नेताओं को एक और मौका देने पर विचार कर रही है। पार्टी नेतृत्व ने नामों को फाइनल करते समय राज्य इकाई से मिले फीडबैक और सांगठनिक इनपुट का भी समीक्षा किया। उम्मीद है कि पार्टी कोलकाता में प्रधानमंत्री की रैली के बाद अपने उम्मीदवार की पहली लिस्ट जारी करेगी।

### कांग्रेस प्रत्याशियों की हो सकती है तीन चरणों में घोषणा, पहली सूची में बड़े नामों की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा : पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (वीबीपीसीसी) की सिफारिशों के आधार पर राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले आगामी चुनावों के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा तीन अलग-अलग चरणों में कर सकती है। वीबीपीसीसी के एक अंदरूनी सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहली सूची में लगभग 100 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा सकती है, जिसमें पार्टी के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार पहली सूची के लिए नामों को अंतिम रूप देने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ चर्चा करने हेतु नई दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं। एक नेता ने कहा कि पहली सूची में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर सीट से पांच बार लोकसभा सदस्य रहे अधीर रंजन चौधरी जैसे नाम शामिल हो सकते हैं। 100 उम्मीदवारों की इस पहली सूची में कांग्रेस की पूर्व लोकसभा सदस्य और तृणमूल कांग्रेस की पूर्व राज्यसभा सदस्य मौसम बेनजीर नूर का नाम भी शामिल हो सकता है, जिन्होंने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस छोड़कर राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था और उसके बाद दोबारा कांग्रेस में शामिल हो गई थीं।**

### विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने की संभावना : निर्वाचन आयोग अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के नयी दिल्ली कार्यालय में एक और दौर की बैठक के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि राज्य की 294 विधानसभा सीट के लिए चुनाव अगले महीने से दो चरणों में होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर राज्य की अधिकतर राजनीतिक पार्टियों ने कोलकाता में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ अपनी हालिया बैठक के दौरान एक या दो चरणों में चुनाव कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल सहित अन्य अधिकारियों से भी इसी तरह के सुझाव मिले थे। उन्होंने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराने से चुनाव संबंधी हिंसा को रोकने में मदद मिलेगी क्योंकि उपद्रवियों को एक जगह से दूसरी जगह जाकर गड़बड़ी फैलाने का समय नहीं मिलेगा। अंतिम निर्णय लेने से पहले इस पहलू पर भी विचार किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में एक ही चरण में मतदान होगा या नहीं इस सवाल पर उन्होंने कहा कि हमने 2024 में 288 सीट वाले महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव एक ही चरण में कराया थे। पश्चिम बंगाल में एक चरण में चुनाव कराना असंभव काम नहीं है लेकिन इस बार इसकी संभावना बहुत कम है। अधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था निर्वाचन आयोग के लिए एक बड़ी चिंता का विषय रहा है और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्वाचन आयोग को चुनाव पूर्व एवं चुनाव पश्चात की अवधि के दौरान सख्त निगरानी का आश्वासन दिया है।

## वर्ग पहेली नं. 3377

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 20 | ■ | 21 | 22 | | | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | | | ■ | ■ | 26 |
| | ■ | 27 | | | ■ | 28 | | 29 | |
| 30 | | | ■ | 31 | | | ■ | 32 | |

*बायें से दायें:-* 1) कमज़ोर, 4) गोपनीय; भीतरी, 6) रोब-दाब, 8) रास्ता, 10) दिमाग़, 11) अगुआ, 14) एक संख्या, 15) लाचार, 16) रात, 18) वैमनस्य, 21) ढूंढ़ना, 23) ब्याज, 24) सपाट, 27) सब, 28) पीड़ित, 30) नेस्तनाबूदी; विनाश, 31) धारदार, 32) मोहक; सब.

*ऊपर से नीचे:-* 1) रिश्वतख़ोर; विश्वासघाती, 2) गाली-गलौज़, 3) किनारा; होंठ, 4) आकाश, 5) ताड़ी, 7) आम का एक प्रकार, 9) कामना, 12) रस्सी; मूल्य, 13) चंद्रमा, 17) मेघ, 19) निरंतर, 20) भारत का एक राज्य, 22) आगबबूला, 23) उपाय; रूप, 25) सिर, 26) पत्थर, 27) सच; हस्ताक्षर, 29) आकाशस्थ पिंड.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | ठ | बो | ला | ■ | अं | जा | म | ■ | अ |
| ली | ■ | ■ | ना | य | ब | ■ | ज़ा | हि | र |
| भ | दं | त | ■ | शो | र | बा | ■ | ■ | विं |
| ग | ■ | प | रि | दा | ■ | ल | ज्ञा | प्र | द |
| त | न | ना | ■ | ■ | सा | म | ■ | ख्या | ■ |
| ■ | र | ■ | क | र्द | म | ■ | प | त | ला |
| ज | म | घा | ट | ■ | ना | ब्रा | नी | ■ | ■ |
| ले | ■ | ■ | ह | म | ■ | म | र | ह | म |
| बी | ■ | ग़ | ल | त | बी | न | ■ | क़ | ज़ |

## सुडोकू-पहेली-3335

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 6 | 9 | 5 |
| | | | | | 5 | | | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 7 | |
| | 7 | | | | | 8 | | |
| | 5 | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 6 | 4 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | 6 | 4 | | 8 | | | |
| | 2 | 7 | | | 9 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3334 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 5 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 7 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 9 | 1 | 7 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |

शुक्रवार, 13 मार्च 2026
कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082,
पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा

**सुविचार :** आँख न हो तो मनुष्य हृदय से देख सकता है, पर हृदय न होने से आँख बेकार है।

स्थानीय खबरें
पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



## पश्चिम बंगाल में युवा शक्ति को नए अवसर

₹3 लाख करोड़ की राशि के करीब 5.3 करोड़ मुद्रा ऋणों से उद्यमिता को बल

पीएम कौशल विकास योजना के तहत 6.5+ लाख युवाओं को प्रशिक्षण, प्रमुख उद्योगों में रोजगार के लिए नई पीढ़ी तैयार

उद्यम पोर्टल पर लगभग 53 लाख एमएसएमई पंजीकृत, डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त 6,950+ स्टार्टअप्स से उद्यमिता को बढ़ावा

₹330+ करोड़ की छात्रवृत्ति से जनजातीय छात्रों के शिक्षा अवसरों का विस्तार

लगभग 27.5 लाख महिला नेतृत्व वाले MSMEs संचालित, राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति

3,550+ महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप, बंगाल में नवाचार और नए अवसरों को मिल रहा बढ़ावा



**विकसित बंगाल**
**विकसित भारत**
**पीएम मोदी का संकल्प**

"भारत सरकार के प्रयास पश्चिम बंगाल के विकास और बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं।"
– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

CBC 01101/13/0041/2526

### सलीम और सुजन ने चुनाव लड़ने के बजाय संगठन और प्रचार पर ध्यान देने की जताई इच्छा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले वाम राजनीति में एक अहम संकेत सामने आया है। माकपा के दो वरिष्ठ नेता मोहम्मद सलीम और सुजन चक्रवर्ती के इस बार चुनाव नहीं लड़ने की संभावना जताई जा रही है। पार्टी की राज्य सचिवालय बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई, जहां दोनों नेताओं ने चुनाव लड़ने की बजाय संगठन और प्रचार पर ध्यान देने की इच्छा जताई। बैठक में मौजूद पार्टी नेताओं के अनुसार, दोनों वरिष्ठ नेताओं से इस बारे में राय मांगी गई थी। बताया गया कि मोहम्मद सलीम और सुजन चक्रवर्ती ने संकेत दिया कि वे पूरे राज्य में घूमकर पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करना चाहते हैं। उनका मानना है कि संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए राज्यभर में प्रचार अभियान चलाना ज्यादा जरूरी है। बैठक में पार्टी के कुछ नेताओं ने सुजन चक्रवर्ती से चुनाव लड़ने का आग्रह भी किया था। वे विधानसभा में वाम दलों के नेता रह चुके हैं और लंबे समय से पार्टी की राजनीति में सक्रिय हैं। हालांकि, उन्होंने साफ कहा कि वे चुनाव लड़ने के बजाय राज्यभर में घूमकर पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करना ज्यादा पसंद करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल यह तय किया गया है कि राज्य सचिवालय के केवल दो सदस्य ही इस बार चुनाव लड़ेंगे। इनमें मीनाक्षी मुखर्जी और पलाश दास के नाम सामने आए हैं। दोनों नेताओं को पार्टी के युवा और सक्रिय चेहरों में माना जाता है।

# रसोई गैस सिलेंडर की कमी के कारण राज्य के कई स्कूलों में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम प्रभावित!

## कई स्कूलों में लकड़ी और सीमित भोजन का उपयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के स्कूलों में रसोई गैस सिलेंडर की कमी से दोपहर के भोजन पर असर पड़ना शुरू हो गया है और इसके कारण अधिकारी लकड़ी जैसे वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने या छात्रों को सीमित खाद्य पदार्थ परोसने के लिए मजबूर हैं। दक्षिण 24 परगना जिले के कृष्णाचंद्रपुर हाई स्कूल में अधिकारियों ने एलपीजी सिलेंडर की कमी की आशंका के मद्देनजर वैकल्पिक ईंधन के रूप में जलावन की लकड़ियां इकट्ठा करके रखी हैं। प्रधानाध्यापक चंदन मैती ने गुरुवार को बताया कि 11 मार्च को लगभग 1,500 छात्रों के लिए



दोपहर का भोजन पारंपरिक मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी की आग से पकाया गया क्योंकि स्कूल को गैस की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

स्कूल ने एक दिन पहले ही इस संकट की आशंका जताई थी और अस्थायी समाधान के तौर पर जलावन की लकड़ी की व्यवस्था कर ली थी। नदिया स्थित बरोजागुली गोपाल अकादमी के प्रभारी शिक्षक राजकुमार हाजरा ने बताया कि बुधवार का खाना पकाने के बाद एलपीजी सिलेंडर खत्म हो गए थे। उन्होंने कहा कि हम ब्लॉक विकास कार्यालय और स्थानीय एलपीजी गैस आपूर्तिकर्ताओं के संपर्क में हैं। किसी भी परिस्थिति में दोपहर के भोजन कार्यक्रम को रोका नहीं जा सकता। बीरभूम जिले के बोलपुर के एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में अधिकारियों ने लगभग 100 छात्रों के लिए खाना पकाने के लिए लकड़ी के लट्ठों की व्यवस्था की। जिलों में पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना को लागू करने वाले अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने छात्रों के भोजन में व्यवधान को रोकने के लिए केंद्र के साथ इस मामले को उठाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग से संपर्क किया है। मध्य कोलकाता के रानी राश्मोनी हाई स्कूल में बुधवार को खाना पकाने की गैस की कमी के कारण छात्रों को उबले अंडे परोसे गए। दक्षिण कोलकाता के लेक गर्ल्स स्कूल में छात्राओं को खिचड़ी परोसी गई।

## हावड़ा के कई स्कूलों में गैस संकट के कारण मिड-डे मील प्रभावित

### आने वाले दिनों में समस्या बढ़ने की आशंका

**हावड़ा :** पश्चिम एशियाई युद्ध के असर के चलते हावड़ा के कई स्कूलों में मिड-डे मील संकट का सामना कर रहे हैं। गुरुवार को हावड़ा के दो प्राइमरी स्कूलों, शिवपुर हिंदू गर्ल्स प्राइमरी स्कूल और डोमजूर महिशनाला प्राइमरी स्कूल में गैस की कमी के कारण मिड-डे मील बनना बंद हो गया। जिला प्राइमरी काउंसिल के अध्यक्ष कृष्णा घोष ने बताया कि अधिकांश स्कूलों के पास अगले दो-तीन दिनों के लिए ही गैस का स्टॉक उपलब्ध है। अगर यह स्टॉक खत्म हो गया, तो कल से कम से कम 50 प्राइमरी स्कूलों में खाना नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि गैस डीलर नई बुकिंग नहीं ले रहे हैं, जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है। बड़े स्कूलों, जहां अधिक छात्र हैं, उन्हें सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शिवपुर के श्री शांति विद्यालय के हेडमास्टर अंजनी कुमार राय ने बताया कि आज उनके स्कूल में मिड-डे मील तैयार हुआ, लेकिन कल गैस खत्म हो सकती है। यदि हालात दो-तीन दिनों में सामान्य नहीं हुए, तो हावड़ा के अधिकांश स्कूलों में मिड-डे मील बनना बंद हो जाएगा, जिससे बच्चों की पोषण योजना प्रभावित होगी। कृष्णा घोष ने सभी स्कूलों और अधिकारियों से अपील की है कि वे स्थिति पर ध्यान दें और आवश्यक कदम उठाएं। इस संकट के चलते स्कूल प्रशासन और माता-पिता में चिंता की लहर है, जबकि बच्चों की पोषण योजना संकट में आ गई है।

## कमर्शियल एलपीजी की कमी से बंगाल की मिठाई दुकानों पर असर

### व्यापारियों ने ममता बनर्जी को लिखा पत्र

**कोलकाता :** कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से पश्चिम बंगाल की मिठाई इंडस्ट्री संकट का सामना कर रही है। उत्पादन प्रभावित होने के बाद मिठाई व्यापारियों के संगठन ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर जल्द समाधान की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि वेस्ट एशिया में चल रहे युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मूज बंद होने के कारण देश में एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है, जिसका असर अब राज्य के होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानों पर पड़ने लगा है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के चलते कई दुकानों में मिठाइयों का उत्पादन घट गया है। मिठाई व्यापारियों के संगठन मिष्टी उद्योग के संयुक्त सचिव सैकत पाल ने बताया कि गैस की कमी के कारण दुकानों में अब केवल ज्यादा मांग वाली मिठाइयां ही तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रमदान के महीने में मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है, लेकिन गैस सिलेंडर नहीं मिलने से उत्पादन उस स्तर पर नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि अकेले हावड़ा जिले में करीब 14 हजार मिठाई दुकानें हैं, जिनसे लाखों लोगों की रोजी रोटी जुड़ी हुई है। यदि गैस संकट जल्द दूर नहीं हुआ, तो एक-दो दिनों में कई दुकानों को बंद करना पड़ सकता है, जिससे व्यापार को भारी नुकसान होगा। फिलहाल, गैस डिस्ट्रीब्यूटर भी यह नहीं बता पा रहे हैं कि आपूर्ति कब सामान्य होगी।

## काशीपुर में एस 69 बस स्टैंड का उद्घाटन

**कोलकाता :** काशीपुर अंचल में घोषबागान (ब्रह्म बाबा का मंदिर के पास) में पहली बार एस- 69 बस स्टैंड व नया बस रूट घोष बागान से सांत्रागाछी तक का उद्घाटन राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने किया। चक्रवर्ती ने कहा कि स्थानीय पार्षद सुमन सिंह व स्थानीय विधायक व कोलकाता नगर निगम के उप मेयर अतीन घोष ने बार -बार स्थानीय जनता के परिवहन की असुविधा के बारे में ध्यान दिलाया। राज्य के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हमेशा प्रयास रहता है कि आम जनता की परेशानियों को संवेदनात्म तरीके से समाधान किया जाए। मुझे यहां आकर स्थानीय लोगों के आंखों में खुशी देखकर बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। मौके पर स्थानीय विधायक



व केएमसी के डिप्टी मेयर अतीन घोष ने कहा कि आम जनता की जरूरतों को पूरा करने का हमेशा प्रयास करता है। इस नये बस रूट से स्थानीय लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय पार्षद सुमन सिंह ने कहा टाला ब्रिज टूटने के बाद और नया बन जाने के बावजूद स्थानीय जनता को बहुत परेशानी होती थी। इसके समाधान के लिए स्थानीय विधायक व परिवहन मंत्री को बार -बार आवेदन किया और आम जनता की हो रही रही परेशानियों को बताती रही। आज नया रूट से एस -69 बस घोषबागान से चित्तपुर, बीबी बाजार मोड़, टाला ब्रिज, श्याम बाजार, राजाबाजार, मानिकतल्ला, मिन्टू पार्क, रवीन्द्र सदन से गुजरती सांत्रागाछी बस स्टैंड तक जाएगी। इस अवसर जय सिंह, जीत सिंह, अनवर खान सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक भर्ती की मांग पर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, विकास भवन के बाहर पुलिस से हाथापाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 2016 पैनल के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के नौकरी अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर गुरुवार को साल्टलेक स्थित राज्य शिक्षा विभाग मुख्यालय विकास भवन के बाहर प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। अधिकारियों के अनुसार, सैकड़ों अभ्यर्थियों ने तत्काल काउंसलिंग और नियुक्ति की मांग को लेकर मार्च निकालते हुए विकास भवन की ओर कूच किया। प्रदर्शनकारी उन करीब 1,251 उम्मीदवारों की नियुक्ति की मांग कर रहे थे, जिन्हें अदालत के आदेश के बावजूद अब तक नौकरी नहीं मिली है। पुलिस ने विकास भवन के पास बैरिकेड लगाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने एक साइड रोड से बैरिकेड पार कर विकास भवन परिसर में प्रवेश करने की कोशिश की। सुरक्षा कर्मियों ने मुख्य द्वार पर उन्हें रोक दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस हो गई। बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थियों सहित प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए कुछ समय के लिए यातायात बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अदालत के स्पष्ट आदेश के बावजूद राज्य प्रशासन ने अब तक काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू नहीं की है और न ही नियुक्ति पत्र जारी किए हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी मांग बेहद स्पष्ट है कि तुरंत काउंसलिंग कराई जाए और उन्हें नियुक्ति दी जाए। उन्होंने प्रशासन पर जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया।

## 'छेड़छाड़' से अवसादग्रस्त नाबालिग ने की आत्महत्या, सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में एक सिविक वॉलंटियर को एक किशोरी से कथित छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, घटना बुधवार को हावड़ा ग्रामीण पुलिस जिले के आमता इलाके में हुई। घटना के बाद आरोपित सिविक वॉलंटियर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि लड़की मंगलवारकी रात अपनी मां के साथ आमता में काली पूजा के एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। उस कार्यक्रम में पेनरो थाना से जुड़े एक सिविक वॉलंटियर भी मौजूद था। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान उसने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की। घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर हंगामा मच गया और कई स्थानीय लोग वहां इकट्ठा हो गए। बताया जा रहा है कि घटना के इलाके में फैलने के बाद लड़की खुद को अपमानित महसूस कर रही थी। घर लौटते समय लड़की ने अपनी मां को पूरी घटना के बारे में बताया। बाद में, रात में उसने खाना खाया और सोने चली गई। बुधवार की सुबह परिवार के लोगों ने उसे घर के अंदर फंदे से लटका हुआ पाया। लड़की की मौत की खबर फैलते ही इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपित सिविक वॉलंटियर की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। रात में पीड़िता के परिवार की ओर से पेनरो थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) एक्ट, 2012 के तहत और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

## व्यावसायिक गैस की कमी से बिरयानी पर संकट, हुगली के कई शहरों में असर

**हुगली, समाज्ञा :** व्यावसायिक गैस की कमी के कारण जिले के कई शहरों में बिरयानी कारोबार संकट में पड़ गया है। चुंचुड़ा, श्रीरामपुर और आसपास के इलाकों में लगभग हर जगह यही स्थिति देखने को मिल रही है। शहर की सड़कों पर कुछ दूरी पर लाल कपड़े से ढके बड़े हांड़ियों में पकती बिरयानी का जो परिचित नज़ारा दिखता था, वह फिलहाल शायद देखने को न मिले। इन दुकानों में आमतौर पर व्यावसायिक गैस सिलेंडर का ही इस्तेमाल होता है, लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका असर होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय पर भी पड़ रहा है जहां केवल बिरयानी बनाई जाती है, वहां भी संकट गहराता जा रहा है। चूंचूड़ा के खादिनामोड़ इलाके के बिरयानी कारोबारी मोहम्मद ताहिर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गैस मिलना मुश्किल हो गया है। जितनी गैस थी उसी से काम चलाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि आज आखिरी सिलेंडर में बची गैस से बिरयानी चढ़ाई गई है। अगर बीच में गैस खत्म हो गई तो बिरयानी भी पूरी तरह तैयार नहीं हो पाएगी और कल से दुकान खोलना मुश्किल हो जाएगा। इसी तरह की स्थिति शहर के कई अन्य बिरयानी दुकानों में भी देखी जा रही है। पहले बिरयानी लकड़ी की आग पर पकाई जाती थी, लेकिन अब ज्यादातर दुकानें गैस पर निर्भर हैं।

## कूचबिहार में नर्स की जलने से मौत, पति गंभीर रूप से झुलसा

**कूचबिहार :** जिले में पारिवारिक विवाद के बीच एक सरकारी अस्पताल की नर्स की जलने से मौत हो गई। घटना बुधवार की रात की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि महिला के पति ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान छंदा राय (35) के रूप में हुई है। वह कूचबिहार के एमजेएम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत थीं। छंदा कूचबिहार शहर के बक्सीबाड़ी इलाके में किराए के मकान में रहती थीं। उनके पति रंजीत राय सिलीगुड़ी में वाहन चालक के रूप में काम करते हैं और बीच-बीच में पत्नी से मिलने आते थे। दंपति की एक बेटी है, जो कालिम्पोंग के



एक स्कूल में पढ़ती है। बताया गया है कि हाल के दिनों में पति-पत्नी के बीच कई मुद्दों को लेकर विवाद चल रहा था और मामला एक बार थाने तक भी पहुंचा था, हालांकि छंदा ने पति के खिलाफ कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुधवार की शाम छंदा अस्पताल से लौटकर घर आई थीं। कुछ देर बाद उसका पति भी वहां पहुंचा। रात में दोनों के बीच जोरदार बहस और चीख-पुकार सुनाई दी। इसके बाद, घर के अंदर आग लगने की घटना सामने आई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति को घर से भागते हुए देखा, जिसके शरीर में भी आग लगी हुई थी और वह कपड़े उतारकर वहां से भाग गया। उधर, घर के सामने गेट के पास छंदा राय गंभीर रूप से झुलसी हुई अवस्था में पड़ी मिलीं। उन्हें बचाया नहीं जा सका। वहीं, घायल रंजीत भी घटनास्थल से ज्यादा दूर नहीं जा सके और उन्हें भी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि घटना के पीछे पारिवारिक विवाद के अलावा अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है।

### 20 लाख लेकर फरार भाजपा कार्यकर्ता

**हुगली, समाज्ञा :** भाजपा के एक कार्यकर्ता पर करीब 20 लाख रुपये लेकर फरार होने का आरोप लगा है। इस घटना को लेकर मामला अब थाने तक पहुंच गया है और सोशल मीडिया पर भी आरोपी को खोजने की अपील की जा रही है। जानकारी के अनुसार गौतम चट्टोपाध्याय जो हुगली जिला भाजपा अध्यक्ष हैं, उनका विद्युत उपकरणों का व्यवसाय है। उनके अनुसार, 2024 से भाजपा कार्यकर्ता शिवशंकर कर्मकार उनकी दुकान में काम कर रहा था। भाजपा अध्यक्ष का आरोप है कि पार्टी के कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के कारण वह हमेशा अपने व्यवसाय पर नजर नहीं रख पाते थे और दुकान का कामकाज कुछ कर्मचारियों के भरोसे चलता था। इसी दौरान शिवशंकर कर्मकार पिछले कुछ महीनों से दुकान से बिजली के सामान लेकर अन्य दुकानों में सप्लाई कर रहा था, लेकिन उसका पैसा जमा नहीं कर रहा था। आरोप है कि करीब 20 लाख रुपये का सामान लेकर वह फरार हो गया। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष ने उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा कर लोगों से उसे खोजने में मदद की अपील की है और साथ ही पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि शिवशंकर पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय रहता था और एक बार बूथ अध्यक्ष भी रह चुका है। अब यह भी पता चल रहा है कि वह उनके नाम का इस्तेमाल कर कई लोगों को ठगने का काम कर रहा था। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मामले पर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर तंज कसा है। चुंचुड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 8 के तृणमूल पार्षद निर्मल चक्रवर्ती ने कहा कि भाजपा घोटालेबाजों की पार्टी है। जिला अध्यक्ष का ही कार्यकर्ता 20 लाख रुपये लेकर भाग गया, इससे स्थिति समझी जा सकती है।

## बजबज में गैस सिलेंडर विस्फोट से नाबालिग की मौत, दो गंभीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बजबज नगरपालिका क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक गैरेज में गैस सिलेंडर विस्फोट होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना बजबज नगरपालिका के वार्ड 19 स्थित एक गैरेज में हुई। बताया जा रहा है कि वहां गैस सिलेंडर की मदद से वाहन की वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक तेज धमाके के साथ सिलेंडर में विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के घरों की खिड़कियां तक हिल गईं। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग पहले इसे बम विस्फोट समझ बैठे। बाद में, मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि गैरेज की टिन की छत उड़ गई है और दो लोग रक्तरंजित हालत में



पड़े हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत बजबज थाने को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक एवं घायल व्यक्ति का परिचय नहीं मिल पाया था। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में बताया कि गैस सिलेंडर से वाहन वेल्डिंग का काम करते समय विस्फोट हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि विस्फोट किस वजह से हुआ।

## पश्चिम बंगाल में रेलवे को मिली नई गति, स्टेशनों का पुनर्विकास और आधुनिक ट्रेनों का विस्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास को नई गति मिल रही है। हाल के वर्षों में बढ़े हुए बजट, नई परियोजनाओं और आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से राज्य में रेल नेटवर्क, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इन पहलों का उद्देश्य राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी, तेज यात्रा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

रेल मंत्रालय के अनुसार, 2009-14 के दौरान पश्चिम बंगाल के लिए औसत वार्षिक रेल बजट लगभग 4,380 करोड़ रुपये था, जो 2026-27 में बढ़कर 14,205 करोड़ रुपये हो गया है। वर्तमान में राज्य में लगभग 93,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिनमें नई रेल लाइनें, स्टेशन पुनर्विकास, सुरक्षा उन्नयन और क्षमता विस्तार शामिल हैं।

यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देने के लिए अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत राज्य के 101 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 3,600 करोड़ रुपये है। अब तक अनारा, बाराभूम, हल्दिया, जॉयचंडी पहाड़ जंक्शन, कल्याणी घोष पाड़ा, कामाख्यागुड़ी, पानागढ़, सिउड़ी और तमलुक सहित नौ स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा हो चुका है। राज्य में आधुनिक ट्रेन सेवाओं का भी विस्तार हुआ है। वर्तमान में वंदे भारत एक्सप्रेस की 18 सेवाएं और अमृत भारत एक्सप्रेस की 22 सेवाएं विभिन्न शहरों को जोड़ रही हैं। इन ट्रेनों से यात्रियों को तेज, आधुनिक और किफायती यात्रा सुविधा मिल रही है।

रेलवे नेटवर्क विस्तार में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2014 के बाद से राज्य में लगभग 1,400 किमी नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं और करीब 1,712 किमी रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है, जिससे पश्चिम बंगाल का रेलवे नेटवर्क अब पूरी तरह विद्युतीकृत हो चुका है। सुरक्षा बढ़ाने के लिए 500 से अधिक रेल फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए हैं, जबकि भारतीय रेलवे की स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम का विस्तार भी तेजी से किया जा रहा है। आने वाले समय में नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत कई पुनर्विकसित स्टेशनों का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही बेलदा-दांतन के बीच तीसरी रेल लाइन, कलाईकुंडा-कनिमहुली के बीच ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग परियोजना तथा पुरुलिया से आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा की भी शुरुआत की जाएगी। इन पहलों के साथ पश्चिम बंगाल में रेलवे के आधुनिकीकरण का नया दौर शुरू हो गया है, जिससे राज्य में कनेक्टिविटी, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### मैरियट बॉनवॉय और स्विगी की साझेदारी, अब हर ऑर्डर पर मिलेंगे रिवार्ड पॉइंट्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक होटल समूह मैरियट इंटरनेशनल के ट्रैवल लॉयल्टी प्रोग्राम मैरियट बॉनवॉय और भारत के प्रमुख ऑन-डिमांड प्लेटफॉर्म स्विगी ने उपभोक्ताओं को रोजमर्रा के खर्च पर रिवार्ड देने के लिए नई साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत सदस्य स्विगी की विभिन्न सेवाओं पर खर्च करने पर मैरियट बॉनवॉय पॉइंट्स कमा सकेंगे। कंपनी के अनुसार, लिंक किए गए अकाउंट के जरिए सदस्य स्विगी की सेवाओं जैसे फूड डिलीवरी, इंस्टामार्ट और डाइनआउट पर हर 500 रुपये खर्च करने पर पांच पॉइंट्स अर्जित कर सकेंगे। इन पॉइंट्स का उपयोग दुनिया भर में मैरियट बॉनवॉय के होटल नेटवर्क और विशेष अनुभवों के लिए किया जा सकेगा। इस पहल का उद्देश्य यात्रा तक सीमित लॉयल्टी लाभों को रोजमर्रा की जिंदगी तक पहुंचाना है। साथ ही, मैरियट बॉनवॉय के एलीट सदस्यों को विशेष लाभ के रूप में स्विगी वन मेंबरशिप भी प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें मुफ्त डिलीवरी और अतिरिक्त छूट जैसे फायदे मिलेंगे।

### इसुजु मोटर्स इंडिया के नए उप प्रबंध निदेशक बने ताकेशी हिरानो

**कोलकाता, समाज्ञा :** जापानी ऑटोमोबाइल कंपनी इसुजु मोटर्स इंडिया की भारतीय सहायक कंपनी इसुजु मोटर्स इंडिया (आईएमआई) ने अपने शीर्ष प्रबंधन में बड़ा बदलाव करते हुए ताकेशी हिरानो को नया उप प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। वे इस पद पर तोरू किशिमोटो का स्थान लेंगे। कंपनी के अनुसार यह नियुक्ति उसके व्यावसायिक पुनर्गठन और भविष्य की रणनीति के तहत की गई है। हिरानो इससे पहले जापान की मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन के इसुजु व्यवसाय प्रभाग में कार्यरत थे। उनके पास इसुजु के लिए वैश्विक बाजारों में वितरण और विपणन क्षेत्र का दो दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने इसुजु मोटर्स और मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन में विभिन्न पदों पर रहते हुए कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में संचालन की जिम्मेदारी निभाई है। उन्हें भारतीय बाजार का भी अच्छा अनुभव है। इससे पहले वे इसुजु मोटर्स इंडिया में उपाध्यक्ष - बिक्री एवं विपणन के पद पर कार्य कर चुके हैं और भारत में कंपनी की मजबूत उपस्थिति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई थी।

## मुर्शिदाबाद में नाशीपुर हॉल्ट स्टेशन की आधारशिला, क्षेत्रीय रेल संपर्क को मिलेगा बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले में रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए नाशीपुर हॉल्ट स्टेशन की आधारशिला गुरुवार को रखी गई। यह नया स्टेशन मुर्शिदाबाद और जायगंज स्टेशनों के बीच कृष्णानगर-लालगोला रेल सेक्शन पर बनाया जाएगा। आधारशिला समारोह में विधायक गौरी शंकर घोष तथा सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना उपस्थित रहे। रेलवे बोर्ड ने फरवरी 2026 में नाशीपुर में हॉल्ट स्टेशन बनाने को मंजूरी दी थी। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाना और स्थानीय विकास को गति देना है। अभी तक आजीमगंज और नाशीपुर के बीच आवाजाही के लिए लोगों को धीमी नाव और फेरी सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे कुछ किलोमीटर की दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है। नया हॉल्ट स्टेशन बनने से दोनों किनारों के कृषि क्षेत्रों के किसानों को अपने उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। साथ ही बहरमपुर और मुर्शिदाबाद के मेडिकल कॉलेजों तक पहुंच आसान होगी। इसके अलावा, नाशीपुर पुल से गुजरने वाली ट्रेनों के लिए यहां ठहराव मिलने से यात्रियों को उत्तर बंगाल की ट्रेनों तक पहुंचने में भी सहूलियत होगी।

## श्रीरामपुर स्टेशन को मिली अमृत भारत स्टेशन की सौगात, रेल मंत्री ने दी मंजूरी

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के तहत विकसित करने की मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इस परियोजना को स्वीकृति दी है। यह जानकारी हुगली श्रीरामपुर संगठनात्मक जिला भाजपा अध्यक्ष सुमन घोष ने श्रीरामपुर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजेश सिंह और संगठनात्मक उपाध्यक्ष दिलीप सिंह सहित कई नेता मौजूद रहे। सुमन घोष ने बताया कि 7 मार्च को परिवर्तन रथ यात्रा के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने श्रीरामपुर रेलवे को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी और मात्र चार दिनों के भीतर इस परियोजना को मंजूरी मिल गई।



योजना के तहत स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही सेवड़ाफुली 4 नंबर रेल गेट और बैद्यवाटी 11 नंबर रेल गेट ओवरब्रिज बनाया जायेगा। लंबे समय से लंबित ओवरब्रिज निर्माण को भी मंजूरी मिल गई है। स्वीकृति मिलने से इलाके में खुशी की लहर है और जल्द ही परियोजना पर काम शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा नेताओं ने इस मौके पर राज्य की कानून व्यवस्था, उद्योग और रोजगार को लेकर भी तृणमूल सरकार पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा की सरकार पश्चिम बंगाल में आयी तो रोजगार के नए मार्ग खुलेंगे और विकास की अविरल धारा बहेगी तृणमूल ने पश्चिम बंगाल को सिंडिकेट कटमनी अपराध के तरफ धकेल दिया है। नारी सुरक्षा आज चुनौती बन गई है। बंगाल से उद्योग का विलय हो रहा है जूट इंडस्ट्री बंद हो रही है रोजगार खत्म हो रहे है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है। इसके लिए विकल्प अब भाजपा ही है।

### बिना कारण अलार्म चेन खींचना पड़ेगा भारी, पूर्व रेलवे ने दी चेतावनी

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों को आगाह किया है कि ट्रेन की अलार्म चेन (एसीपी) का उपयोग केवल वैध आपात स्थिति में ही किया जाए। हाल ही में हुई दो घटनाओं ने यात्रियों को समय और सुरक्षा का महत्व याद दिलाया है। बिप्लब बाउरी (परिवर्तित नाम) 63101 लोकल ट्रेन में कृष्णानगर से यात्रा करते समय चेन खींच बैठे क्योंकि उन्हें सरभाजा मिठाई खरीदना भूल गया था। इसके परिणामस्वरूप उन्हें 1,000 का जुर्माना भरना पड़ा। इसी तरह, अयान मल्लिक (परिवर्तित नाम) ने अपने मित्र को ट्रेन पकड़ने में मदद करने के लिए चेन खींच दी। इस कारण उनकी छुट्टी रद्द हो गई और उन्हें आरपीएफ की हिरासत में रहना पड़ा। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि बिना वैध कारण चेन खींचना रेलवे अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है और पूरे रेल नेटवर्क की समयबद्धता प्रभावित करता है। इसके चलते केवल एक ट्रेन ही नहीं बल्कि पूरे मंडल की ट्रेनों की सेवाओं पर असर पड़ता है। रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत दोषी व्यक्ति को एक वर्ष तक कैद, 1,000 तक का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। वर्ष 2024-25 में 4,394 मामले दर्ज किए गए और 4,172 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कुल 19,64,591 का जुर्माना वसूला गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई अब 23 मार्च को

**सुलतानपुर (उप्र):** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में सुलतानपुर जिले की विशेष एमपी/एमएलए अदालत में बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई अब 23 मार्च को की जाएगी। वाद दायर करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा की अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि राहुल गांधी ने पिछली 20 फरवरी को अदालत में हाजिर होकर कहा था कि वादी पक्ष द्वारा आवाज और वीडियो सीडी के रूप में जो सबूत पेश किए गए हैं वह गलत है।

### कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में अगली सुनवाई 28 मार्च को

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में संबंधित पीठ के उपलब्ध नहीं होने के चलते मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले में सुनवाई की अगली तिथि 28 मार्च तय की गई है। न्यायमूर्ति अविनाश सक्सेना द्वारा इस मामले की सुनवाई की जा रही है। हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद का ढांचा हटाने के बाद जमीन का कब्जा लेने और मंदिर का पुनर्निर्माण करने के लिए 18 वाद दाखिल किए हैं। इससे पूर्व, एक अगस्त 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हिंदू पक्षों द्वारा दायर इन मुकदमों की पोषणीयता (सुनवाई योग्य) को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी। यह विवाद मथुरा में मुगल सम्राट औरंगजेब के समय की शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ा है जिसे कथित तौर पर भगवान कृष्ण के जन्म स्थान पर एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाया गया है।

### बिहार के सारण में संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन से एक व्यक्ति की मौत

**छपरा (सारण):** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद संदिग्ध जहरीली शराब से मौत का एक और मामला सामने आया है। सारण जिले में एक व्यक्ति की कथित रूप से संदिग्ध जहरीली शराब पीने के बाद मौत हो गई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि पानापुर थाना क्षेत्र का निवासी बताए जा रहे उस व्यक्ति को तबीयत खराब के बाद पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा, मौत का सही कारण पोस्टमार्टम और विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में शराब की बिक्री और निर्माण पर रोक सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों ने निगरानी, एहतियाती उपाय तेज कर दिए हैं। इस बीच जिले के मढ़ौरा अनुमंडल के मशरख इलाके में मंगलवार को एक अन्य व्यक्ति की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना है।

### आगरा : स्कूल बस के टूटे फर्श से नीचे गिरकर पहली कक्षा की छात्रा की मौत

**आगरा (उप्र):** आगरा में स्कूल बस के टूटे फर्श से गिरकर पहली कक्षा की एक छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) आदित्य ने बताया कि बुधवार को यह हादसा उस वक्त हुआ जब छुट्टी के बाद स्कूल की बस बच्चों को छोड़ने घर जा रही थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को दोपहर करीब तीन बजे बच्चों को लेकर जा रही आरबीएस स्कूल की एक बस के टूटे हुए फर्श से पहली कक्षा की छात्रा नैना नीचे गिर गई और बस का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया।

### बैंकों का सर्वर हैक कर करोड़ों रुपए हस्तातंरित करने वाले दो नाइजीरियाई गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र):** नोएडा के सेक्टर-63 में स्थित एक बैंक का सर्वर हैक कर 16 करोड़ 71 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित करने के मामले में दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। साइबर अपराध थाना पुलिस और नॉलेज पार्क पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने पांच मोबाइल फोन, 39 हजार रुपए नगद, चार मोबाइल फोन सिम कार्ड आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोडेब ओडिक्पो जोसेफ और एस. ओकोनकवों के रूप में हुई है जो नाइजीरिया के नागरिक हैं।

# यूपी में ईंधन की कोई कमी नहीं, रसोई गैस किल्लत की अफवाहों पर ध्यान न दें: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोग रसोई गैस किल्लत की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडर की निर्बाध और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एक बयान के मुताबिक, बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कंपनियों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में एलपीजी की वर्तमान मांग और आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर कमी उत्पन्न न होने पाए तथा जिन उपभोक्ताओं ने एलपीजी की बुकिंग कराई है, उन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध ढंग से सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही उपभोक्ताओं को उनकी अगली रिफिल की संभावित तिथि के संबंध में भी समुचित जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति उतनी गंभीर नहीं है, जितना कि अफवाहों के माध्यम से प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेल कंपनियां प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की वास्तविक स्थिति के बारे में आमजन को नियमित रूप से अवगत कराएं। आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई वितरक एजेंसी अथवा निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी में लिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर एलपीजी वितरक केंद्रों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति न बने और वितरण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### राष्ट्रपति के प्रस्तावित अयोध्या दौरे की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समीक्षा

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या जिले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे के संबंध में बृहस्पतिवार को समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या के दौरे पर आएंगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने सुरक्षा, साफ-सफाई और आगंतुकों के प्रवास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन मार्ग पर प्रत्येक 500 मीटर की दूरी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए और इन स्थलों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति के स्वागत के लिए स्कूली बच्चे तिरंगा लेकर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मंच पर उपस्थित लोगों की सूची पहले से तैयार कर ली जाए तथा पूज्य संतों के आगमन व ठहरने की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखी जाएं।

### नीतीश ने समृद्धि यात्रा के दौरान पूर्णिया व कटिहार में 895 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की शुरुआत की

**पूर्णिया/कटिहार:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान पूर्णिया और कटिहार जिलों में लगभग 895 करोड़ रुपये की कई विकास योजनाओं और परियोजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान दोनों जिलों में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं और विकास परियोजनाओं की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पूर्णिया में 485 करोड़ रुपये की लागत वाली 92 से अधिक योजनाओं और परियोजनाओं की शुरुआत की। इनमें 164 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई 84 योजनाओं का उद्घाटन और लगभग 321 करोड़ रुपये की करीब 10 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने राज्य राजमार्ग-60 से मां पुरन देवी मंदिर तक नवनिर्मित दो-लेन सड़क का उद्घाटन किया। इसके अलावा लाइन बाजार चौक से रजनी चौक होते हुए पॉलिटेक्निक चौक तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया।

## न्यूज अपडेट

### सपा गायों के संरक्षण को लेकर कोई प्रस्ताव दे तो जानें : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



**लखनऊ:** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बृहस्पतिवार को बताया कि उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से कहा है कि उनकी पार्टी गायों के संरक्षण के बारे में कोई प्रस्ताव लाये तभी वह उसकी नीयत को लेकर कोई राय बनाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि उनकी यादव से अकेले में कोई बात नहीं हुई है। पूर्व में सपा के शासनकाल में गायों का पूर्ण संरक्षण किए जाने के अखिलेश यादव के दावे पर शंकराचार्य ने कहा, ''हमने उनसे कहा है कि बंधु आप आए हैं, बहुत अच्छी बात है लेकिन जब तक गाय के बारे में आपकी पार्टी का प्रस्ताव नहीं आएगा तब तक हम क्या मानें?''

### बिहार के लिए प्रगतिशील निर्यात प्रोत्साहन नीति की जरूरत: उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल

**पटना :** बिहार के उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने बृहस्पतिवार को राज्य के लिए एक ''प्रगतिशील'' निर्यात प्रोत्साहन नीति विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वह यहां आयोजित निर्यातकों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसमें मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। अपने संबोधन में जायसवाल ने बिहार के निर्यात पारितंत्र को मजबूत बनाने में निर्यातकों की भूमिका की सराहना की और विदेशी व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) से राज्य में अपना कार्यालय खोलने का आग्रह किया। राज्य के उद्योग विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार, बिहार के 28 'स्टेटस-होल्डर' निर्यातकों को निर्यात वृद्धि में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने भी बिहार में निर्यात की संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा मजबूत निर्यात पारितंत्र तैयार करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, बिहार के हर जिले में निर्यात हब विकसित करने की परिकल्पना से निर्यात में राज्य का योगदान बढ़ेगा और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में वृद्धि होगी। कुमार ने निर्यातकों से समन्वय, प्रतिनिधित्व और सामूहिक विकास को मजबूत करने के लिए 'एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ बिहार' बनाने का आग्रह किया।

### आईआईटी-जोधपुर के सुरक्षा प्रभारी पर हमला, तीन संदिग्ध हिरासत में

**जोधपुर :** यहां स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के सुरक्षा प्रभारी दिनेश सिंह रोहड़िया पर कुछ लोगों के एक समूह ने हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि करवड़ थाना पुलिस ने तीन संदिग्धों दुर्गाराम (35), धीरेन्द्र सिंह (41) और देवेंद्र सिंह (32) को हिरासत में लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, धीरेन्द्र सिंह के खिलाफ पहले से आठ मामले दर्ज हैं, जबकि देवेंद्र सिंह के खिलाफ मारपीट से जुड़े चार और दुर्गाराम के खिलाफ एक मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि बुधवार दोपहर हुए इस हमले में रोहड़िया के चेहरे पर चोटें आईं। पुलिस को संदेह है कि यह हमला किसी पुराने विवाद से जुड़ा हो सकता है।पुलिस के मुताबिक, रोहाड़िया सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हैं और वर्तमान में आईआईटी-जोधपुर में सुरक्षा प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं।

### बिहार राज्यसभा चुनाव में राजग के पास '12 अतिरिक्त वोट' है: अशोक चौधरी

**पटना :** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास 12 अतिरिक्त वोट हैं। चौधरी ने यह बयान देर शाम उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर आयोजित राजग नेताओं की बैठक से निकलने के बाद दिया। जद(यू) नेता ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का समर्थन हासिल करने के प्रयासों को भी तवज्जो नहीं दी। राज्य विधानसभा में एआईएमआईएम के पांच विधायक हैं।राजद नीत महागठबंधन की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा, उनके प्रयासों का कोई नतीजा नहीं निकलेगा।

### राजस्थान के सिरोही में दो ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग, चालक जिंदा जला

**जयपुर :** राजस्थान के सिरोही जिले में एक राजमार्ग पर दो ट्रकों की टक्कर के बाद आग लग जाने से एक ट्रक चालक जिंदा जल गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा स्वरूपगंज थाना क्षेत्र में हुआ, जहां दो ट्रकों की टक्कर के बाद उनमें आग लग गई।

## राजग के 21 वर्षों के शासनकाल में बिहार सभी मापदंडों पर 'विफल': तेजस्वी



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि लंबे समय से 'डबल इंजन' की सरकार होने के बावजूद बिहार देश के विकास सूचकांकों में सबसे पीछे बना हुआ है। यादव ने जारी एक बयान में कहा कि बिहार एक अनोखा प्रदेश है, जहां दशकों से राजग की 'डबल इंजन' सरकार है, फिर भी यह देश का सबसे गरीब राज्य बना हुआ है। उन्होंने दावा किया कि बिहार कई सामाजिक-आर्थिक मानकों पर देश में सबसे पीछे है। उनके अनुसार, देश में सबसे अधिक पलायन, अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बहुआयामी गरीबी बिहार में है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य में स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी सबसे अधिक है, जबकि साक्षरता दर, प्रति व्यक्ति आय, किसानों की आय, प्रति व्यक्ति निवेश और प्रति व्यक्ति उपभोग सबसे कम है। यादव ने आरोप लगाया कि कंप्यूटर साक्षरता, बिजली की खपत, बुनियादी सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और औद्योगिक इकाइयों की संख्या के मामले में भी बिहार देश में सबसे पीछे है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के स्कूलों में कंप्यूटर और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रयोगशालाओं की उपलब्धता भी सबसे कम है।

## इच्छामृत्यु मामला : मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने हरीश राणा के आवास का दौरा किया



**गाजियाबाद (उप्र):** उच्चतम न्यायालय द्वारा 'इच्छा मृत्यु' की इजाजत दिए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने हरीश राणा (31) के आवास का दौरा किया। वहीं, परिवार ने कहा कि हरीश को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कब स्थानांतरित किया जाए, इस पर निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है। उच्चतम न्यायालय ने 12 साल से ज्यादा समय से कोमा में जीवन-रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) के सहारे सांस ले रहे हरीश राणा को वेंटिलेटर से हटाकर 'इच्छा मृत्यु' की अनुमति दे दी। हरीश राणा 20 अगस्त 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को हरीश राणा को इच्छामृत्यु की अनुमति दे दी और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को निर्देश दिया कि वह प्रक्रिया में गरिमा सुनिश्चित करते हुए उपचार वापस लेने के लिए एक योजना तैयार करे। हरीश के पिता अशोक राणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि परिवार फिलहाल चिकित्सा अधिकारियों के साथ स्थिति पर चर्चा कर रहा है और उसे अस्पताल में स्थानांतरित करने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है।

## धनबाद की दीवानी अदालत को बम से उड़ाने की धमकी अफवाह साबित हुई

**धनबाद/लातेहार (झारखंड):** झारखंड के धनबाद और लातेहार में स्थित दीवानी अदालतों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो बाद में अफवाह साबित हुई। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये धमकी भरे ई-मेल अदालतों के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजे गए थे। इसके बाद पुलिस ने बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ते की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस ने कहा कि धनबाद में अदालत को भेजे गये एक ई-मेल में दावा किया गया था कि (अदालत में) कई 'साइनाइड बम' लगाए गए हैं। धनबाद के पुलिस अधीक्षक (शहर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया, ''जैसे ही अदालत अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी, हम तुरंत बम निरोधक और श्वान दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे और लगभग दो घंटे तक व्यापक तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाशी में अब तक कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। अदालत परिसर और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## बिहार में रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए सभी जिलों को कड़ी निगरानी के निर्देश



**पटना:** बिहार के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्य के सभी जिलों के अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण तथा अनधिकृत बिक्री पर पूरी सख्ती से रोक लगाई जाए। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य से उत्पन्न ऊर्जा संकट की स्थिति को देखते हुए राज्य के सभी जिलों के अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। सिंह ने कहा कि सरकार आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सजग है और आवश्यकतानुसार सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। अपर मुख्य सचिव (गृह) अरविंद कुमार चौधरी ने सभी जिलों में विशेष निगरानी अभियान चलाते हुए गैस एजेंसियों, गोदामों तथा वितरण प्रणाली की नियमित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत मिलती है तो संबंधित व्यक्तियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने का निर्देश देते हुए अफवाह फैलाने वालों तथा कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने के लिए सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सभी जिलों में आम जनता की शिकायतों के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया। इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक तथा बिहार-झारखंड के राज्य प्रमुख अनूप कुमार राय ने कहा कि राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। उन्होंने उपभोक्ताओं से किसी प्रकार की घबराहट या अनावश्यक भंडारण से बचने की अपील की।

## बिहार के नये राज्यपाल सैयद अता हसनैन का पटना पहुंचने पर स्वागत



**पटना:** बिहार के नये नामित राज्यपाल सैयद अता हसनैन बृहस्पतिवार को पटना पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से राज्य के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने उनका स्वागत किया। हसनैन को पटना हवाई अड्डे पर 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया गया। राज्यपाल सचिवालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी हवाई अड्डे पर हसनैन का स्वागत किया। जायसवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'नये राज्यपाल का गौरवशाली सैन्य अनुभव और अनुशासन, साथ ही राष्ट्र सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निश्चित रूप से बिहार के प्रशासनिक और सामाजिक जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगी। मंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि नये राज्यपाल के मार्गदर्शन में राज्य सुशासन, विकास और जनकल्याण के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ेगा।

## ईरान के लिए छाती पीट रहे लोग वहीं चले जाएं : पुलिस अधिकारी



**सम्भल (उप्र):** सम्भल जिले की शहर कोतवाली में अलविदा जुमा की नमाज की तैयारी के सिलसिले में हुई बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह ने ईरान पर हो रहे अमेरिका और इजराइल के हमले के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों को कथित रूप से ईरान जाने की सलाह दी है। सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें उन्हें यह बात कहते सुना जा सकता है। वायरल वीडियो के मुताबिक, सम्भल के प्रभारी पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह ने बुधवार को सम्भल कोतवाली में अलविदा जुमा की नमाज और ईद में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी को लेकर आयोजित एक बैठक में ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर तंज किया। वह वीडियो में यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, 'साहब झगड़ा तो हो रहा है ईरान और इजराइल के बीच में, और वो (कई लोग) बीच में अपनी टांग फसाए पड़े हैं। छाती पीट रहे हैं। भाई अगर इतनी दिक्कत है तो आप जहाज में बैठकर ईरान चले जाओ और जाओ लड़ो ईरान की तरफ से।' वीडियो में पुलिस क्षेत्राधिकारी को यह भी कहते सुना जा सकता है, 'दो देशों के बीच में झगड़ा हो रहा है, और उस झगड़े का अगर हमारे देश में कानून व्यवस्था पर कोई असर पड़ेगा, तो हम फिर इलाज करेंगे, बहुत बढ़िया वाला।' सिंह ने आगाह करते हुए कहा कि अलविदा जुमे की नमाज से पहले या उसके बाद किसी देश के विरोध में कोई नारेबाजी नहीं की जानी चाहिए और किसी तरह की कोई पट्टी भी नहीं लगायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ये चीजें हम बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे कि हमारे यहां आकर कोई भी आदमी माहौल खराब करे। वहीं, पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह ने अपने इस बयान के बारे में सफाई देते हुए बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि उनके कहने का मतलब यह है कि विदेश की धरती पर जो हो रहा है उसे लेकर यहां माहौल खराब ना हो।

## निवारक स्वास्थ्य देखभाल में अग्रणी भूमिका निभा रहा है योग



प्रतापराव जाधव

बीते दशक में योग को केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में ही नहीं सराहा गया, बल्कि उसे उत्तरोत्तर रूप से स्वास्थ्य और कल्याण के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और वैश्विक सहयोग अब हमें योग को केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि एक सशक्त जन-स्वास्थ्य हस्तक्षेप समझने में भी मदद कर रहे हैं। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) को पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है और योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मज़बूती प्रदान करते हुए वर्ष 2025-2029 के लिए इसे फिर से निमित किया गया है। यह पहचान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के लिए साक्ष्य-आधारित योग हस्तक्षेपों को बढ़ावा देने में संस्थान की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। इस पहल के प्रमुख साझेदारों में आयुष मंत्रालय, एम्स दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, और इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज, दिल्ली शामिल हैं। इन सहयोगों के माध्यम से केंद्र मधुमेह, मोटापा और तनाव से संबंधित विकारों जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए योग-आधारित हस्तक्षेपों पर तकनीकी दिशानिर्देश विकसित कर रहा है और अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है। इन प्रयासों में अंतरराष्ट्रीय संगठन भी साझेदारी कर रहे हैं, जिससे योग की वैज्ञानिक आधारशिला और मजबूत हो रही है तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यापक रूप से लागू किए जा सकने वाले, किफायती और साक्ष्य-समर्थित प्रभावी साधन के तौर पर योग की क्षमता प्रदर्शित हो रही है। संस्थागत स्तर पर एमडीएनआईवाई योग की वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूती प्रदान करना जारी रखे हुए है। शरीर क्रिया विज्ञान, जैव रसायन, बायोमैकेनिक्स और मनोविज्ञान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान योग के मनो-शारीरिक और जैव-रासायनिक प्रभावों, उम्र बढ़ने में इसकी भूमिका तथा जीवनशैली से जुड़े विकारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करता है। यह कार्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जोड़ने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने योग की पहुँच को और अधिक बढ़ाया है, जिससे साक्ष्य-आधारित पद्धतियाँ सीधे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही हैं। ा-धेसर मोबाइल एप्लिकेशन और ध-ईशरज्ञ प्रोटोकॉल जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि योग की प्रामाणिकता और चिकित्सकीय महत्व बनाए रखते हुए उसे बड़े स्तर पर पहुँचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से विकसित किए गए ा-धेसर प्लेटफॉर्म पर 1.1 लाख से अधिक डाउनलोड दर्ज किए जा चुके हैं, जो सुलभ डिजिटल वेलनेस टूल्स में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। वहीं कार्यस्थल योग कार्यक्रम ध-ईशरज्ञ - जो काम के दौरान 5-10 मिनट का सरल योग ब्रेक है - से अब तक 33 लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों को लाभ मिल चुका है। इन पहलों से प्राप्त अनुसंधान निष्कर्ष और सहभागिता विश्लेषण अत्यंत उत्साहजनक हैं। ध ईशरज्ञ अभ्यास से कुछ ही सप्ताहों में अनुभूत तनाव में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे मानसिक सतर्कता, भावनात्मक दृढ़ता और निर्णय-क्षमता में सुधार होता है। इसके साथ-साथ कॉर्टिसोल स्तर जैसे शारीरिक संकेतकों में भी सकारात्मक परिवर्तन पाए गए हैं। शारीरिक लाभों में गर्दन, कंधे और कमर के दर्द में कमी, श्वास अभ्यास से सांस लेने की क्षमता में सुधार और संपूर्ण जीवन शक्ति में वृद्धि शामिल हैं- ये परिणाम विशेषकर आज के निष्क्रिय, स्क्रीन-आधारित कार्यस्थलों में प्रासंगिक हैं। ध-ईशरज्ञ अभ्यास ने अनुपस्थिति में कमी लाने , कर्मचारियों के मनोबल में सुधार लाने, और कार्य-जीवन में स्वस्थ संतुलन कायम करने में भी योगदान दिया है, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक कल्याण दोनों को मजबूत बनाने की योग की क्षमता को दर्शाता है। एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन-2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्व पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह रेखांकित किया कि सुदृढ़ अनुसंधान, अंतरविषयक सहयोग, और प्रभावी डिजिटल सहभागिता आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योग को एकीकृत करने और स्पष्ट स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं। ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह उत्तरोत्तर रूप से जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है। योग परंपरा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए ग्लोबल योग क्रांति की प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय वेलनेस क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मजबूत कर रहा है।

जैसे-जैसे हम 13 मार्च के करीब पहुँच रहे हैं, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिन के काउंटडाउन का संकेत है, यह हमें इस बारे में सोचने का अवसर देता है कि किस प्रकार योग एक प्राचीन पद्धति से लेकर वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य और कल्याण मार्ग के रूप में विकसित हो गया है। ये सौ दिन हमें याद दिलाएं कि हम दैनिक योग अभ्यास शुरू करें या उसे नवीनीकृत करें, और अपने परिवार, मित्रों और समुदायों को योग को जीवन जीने का तरीका बनाने के लिए प्रेरित करें। योग को दैनिक जीवन में शामिल करके, हम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही मजबूत नहीं करते, बल्कि सामूहिक कल्याण, संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। आज, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से, भारत योग की अनंत ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और सार्वभौमिक रूप से सुलभ मार्ग में बदलने का अगला निर्णायक कदम उठा रहा है, जो वैश्विक स्वास्थ्य, संतुलन और कल्याण के लिए मार्गदर्शक बन सकेगा।

**(लेखक आयुष मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार वाले केंद्रीय राज्य मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं।)**

## न्यायालय ने ''नेताजी बोस की अस्थियां'' वापस लाने संबंधी याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के रिश्ते के एक पोते द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया, जिसमें टोक्यो के रेंकोजी मंदिर से ''बोस की अस्थियों'' को भारत वापस लाने के निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने जब याचिका पर विचार करने की अनिच्छा व्यक्त की तो याचिकाकर्ता आशीष राय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

## ईडी ने अल फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को मिली अंतरिम जमानत को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अल फलाह विश्वविद्यालय समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को धनश-ोधन के एक मामले में दी गयी दो सप्ताह की अंतरिम जमानत को बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी। ईडी ने यह तर्क दिया कि निचली अदालत ने लाल किला विस्फोट मामले में सिद्दीकी की संलिप्तता पर विचार नहीं किया। ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी के समक्ष यह दलील दी कि सिद्दीकी की पत्नी का खराब स्वास्थ्य राहत हासिल करने के लिए केवल एक 'बहाना' था और निचली अदालत का फैसला त्रुटिपूर्ण एवं धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की व्यवस्था के विपरीत था।

## फारूक अब्दुल्ला पर गोली चलाने वाले व्यक्ति को अदालत ने पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेजा

**जम्मू :** जम्मू की एक अदालत ने नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर कथित तौर पर जानलेवा हमले की कोशिश करने को लेकर बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। आरोपी कमल सिंह जामवाल (63) को कड़ी सुरक्षा के बीच यहां एक अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने यह कहते हुए आरोपी की हिरासत मांगी कि इस बात के लिए उससे और पूछताछ की जरूरत है कि हमले के पीछे का मकसद क्या था तथा उसका किसी संगठन या व्यक्ति के साथ कोई संबंध है या नहीं। अदालत ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आरोपी की पांच दिन की पुलिस हिरासत मंजूर कर ली और पुलिस को यह भी निर्देश दिया कि आरोपी की हर 24 घंटे में उचित चिकित्सा जांच सुनिश्चित की जाए।

## वायु सेना की सूर्य किरण टीम हिमाचल प्रदेश के सुजानपुर तिरा में 'एयर शो' करेगी

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) :** वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम 25 और 26 मार्च को हमीरपुर जिले के सुजानपुर तिरा में एक 'एयर शो' आयोजित करेगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 'एयर शो' के लिए सुजानपुर तिरा स्थित चौगान मैदान और सैनिक स्कूल को स्थल के रूप में चुना गया है। सुजानपुर तिरा सैनिक स्कूल की प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि सूर्य किरण टीम को ''वायु सेना के राजदूत'' के रूप में भी जाना जाता है जो अपनी अद्वितीय सटीकता, उत्कृष्ट कौशल और बेहतरीन टीम वर्क के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है।

## पेंशन के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा न करने पर बैंकों को निगरानी रखने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि पेंशन वितरण करने वाले सभी बैंकों को पेंशनभोगियों द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं करने पर निगरानी रखने और उन्हें जमा कराने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

# ईंधन संकट की आशंका से देशभर में अफरा-तफरी, पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें



**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईंधन की कथित कमी की खबरों से देश के कई हिस्सों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। बृहस्पतिवार को पेट्रोल पंपों और एलपीजी वितरण केंद्रों के बाहर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। घबराहट में की जा रही खरीदारी के कारण आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ रेस्तरां, स्कूलों और खानपान सेवाओं का कामकाज भी प्रभावित होने लगा है।हालांकि केंद्र सरकार ने संसद में स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल और केरोसिन की कोई कमी नहीं है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।कई राज्यों में प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखते हुए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। उत्तराखंड सरकार ने अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। जरूरत पड़ने पर व्यावसायिक उपयोग के लिए वैकल्पिक ईंधन के तौर पर लकड़ी उपलब्ध कराने की भी तैयारी की जा रही है।वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर होटल, रेस्तरां और खानपान सेवाओं में आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। तमिलनाडु होटल्स एसोसिएशन के अनुसार छोटे और मध्यम रेस्तरां सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। चेन्नई के कई भोजनालयों ने गैस की बचत के लिए डोसा और फ्राइड राइस जैसे अधिक गैस खपत वाले व्यंजन अस्थायी रूप से बंद कर दिए हैं।दिल्ली के एक रेस्तरां मालिक ने बताया कि बाजार में सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि 1,500 से 2,000 रुपये तक की कीमत देने पर भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा, जबकि उनके रेस्तरां को रोज कम से कम तीन सिलेंडरों की जरूरत पड़ती है।पश्चिम बंगाल में भी एलपीजी की कथित कमी का असर कुछ स्कूलों की मध्याह्न भोजन योजना पर दिखने लगा है।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के नोटिस पर 193 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए



**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के प्रस्ताव के लिए 193 विपक्षी सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार, लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस शुक्रवार को संसद के किसी एक सदन में पेश किए जाने की संभावना है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इसे किस सदन में पेश किया जाएगा। विपक्ष के एक नेता ने बताया कि सांसदों ने नोटिस को लेकर काफी उत्साह दिखाया और आवश्यक संख्या पूरी हो जाने के बाद भी बृहस्पतिवार को कई सांसदों ने हस्ताक्षर किए। नियमों के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के लिए नोटिस पर लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं। एक अन्य सूत्र के अनुसार, इस नोटिस पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी दलों के सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, हालांकि पार्टी अब आधिकारिक रूप से इस गठबंधन का हिस्सा नहीं है। यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के लिए इस तरह का नोटिस दिया जा रहा है। सूत्र के अनुसार, नोटिस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ सात आरोप लगाए गए हैं, जिनमें पद पर रहते हुए पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालना और बड़े पैमाने पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना जैसे आरोप शामिल हैं। विपक्षी दलों ने कई मौकों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मदद करने का आरोप लगाया है, खासकर मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर। उनका आरोप है कि यह प्रक्रिया केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है।

## सीबीआई ने विदेशी 'फिनटेक' मंच से जुड़ी ऑनलाइन धोखाधड़ी के सिलसिले में 15 ठिकानों पर छापे मारे

**नयी दिल्ली :** सीबीआई ने विदेशी 'फिनटेक' (वित्तीय प्रौद्योगिकी) मंच 'पीवाईवाईपीएल' से जुड़ी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के सिलसिले में कई राज्यों में 15 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अब गिरोह के कथित सरगना अशोक कुमार शर्मा की हिरासत की मांग कर रही है, जो एक चार्टर्ड अकाउंटेंट है और जिसे हाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की साइबर अपराध निरोधक शाखा (आई4सी) ने इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया था। इसके बाद एजेंसी ने मामला दर्ज कर बुधवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब में छापेमारी की। जांच अधिकारियों के अनुसार शर्मा कथित तौर पर दिल्ली-गुरुग्राम सीमा पर स्थित बिजवासन में 'बिजवासन ग्रुप' के अपने कार्यालय से फर्जी निवेश योजन-ाओं, साइबर धोखाधड़ी, अवैध क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन और पार्टटाइम नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी से जुड़े एक व्यापक संगठित घोटाले में शामिल था। सीबीआई ने बताया कि गिरोह ने कथित तौर पर पिछले साल ही पीड़ितों से 900 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। जांच एजेंसी ने बताया कि अब तक पहचानी गई 15 फर्जी कंपनियों के नेटवर्क के माध्यम से इस रकम की हेराफेरी की गई और धन शोधन किया गया।

## भाजपा की चुनाव समिति ने बंगाल, केरल विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने पश्चिम बंगाल और केरल में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों पर चर्चा करने के लिए बृहस्पतिवार एक बैठक आयोजित की। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास पर आयोजित बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा और भाजपा की चुनाव समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि बैठक में पश्चिम बंगाल की लगभग 160 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की सूची पर व्यापक चर्चा हुई और लगभग 140 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों अंतिम रूप दिया गया। इससे पहले, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों और पार्टी की रणनीति पर चर्चा करने के लिए नड्डा के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाह, भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी उपस्थित थे। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति पश्चिम बंगाल की शेष सीटों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए जल्द ही फिर से बैठक करेगी। राज्य में विधानसभा की 294 सीटें हैं। सूत्रों के अनुसार, भाजपा की चुनाव समिति की बैठक में केरल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों और पार्टी के संभावित उम्मीदवारों पर भी विचार-विमर्श किया गया। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव अप्रैल में अलग-अलग तारीखों पर हो सकते हैं, जिसका कार्यक्रम जल्द ही घोषित होने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री मोदी असम में आज 48,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार से शुरू होने वाले असम के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान लगभग 48,000 करोड़ रुपये मूल्य की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि मोदी कोकराझार, गुवाहाटी और सिलचर में 47,800 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और शुरुआत करेंगे। बयान में कहा गया है, ''13 मार्च की अपराह्न लगभग डेढ़ बजे प्रधानमंत्री कोकराझार में भूमि पूजन करेंगे, आधारशिला रखेंगे और 4,570 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।'' इसमें कहा गया है कि मोदी गुवाहाटी में लगभग 19,680 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं के लिए भूमि पूजन करेंगे, इनका उद्घाटन करेंगे और इन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। बयान में कहा गया है, ''14 मार्च को पूर्वाह्न लगभग 10:45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और लगभग 23,550 करोड़ रुपये मूल्य की विभिन्न परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।''

# भारतीय वायु सेना प्रमुख ने उन्नत मिग-29 विमान में उड़ान भरी



**चंडीगढ़ :** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बृहस्पतिवार को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की पश्चिमी वायु कमान के अंतर्गत एक अग्रिम हवाई अड्डे से उन्नत मिग-29 लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। अधिकारियों के अनुसार वायुसेना प्रमुख ने प्रमुख अड्डे पर बुनियादी ढांचे, चालक दल की तत्परता और विमान रखरखाव मानकों समेत कमान की समग्र परिचालन तैयारियों की भी समीक्षा की। वायुसेना उन्नत मिग-29 विमानों के तीन स्क्वाड्रन - मिग-29 यूपीजी का रखरखाव करती है, जिन्हें मुख्य रूप से पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्रों में तैनात किया जाता है। एयर चीफ मार्शल सिंह ने मिग-29 में ऐसे समय उड़ान भरी जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच क्षेत्रीय वायु सेनाएं अपनी हवाई शक्ति क्षमताओं का बारीकी से आकलन कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि वायुसेना प्रमुख सिंह ने लड़ाकू विमान में लगभग 45 मिनट की उड़ान भरी। उन्होंने बताया कि पिछले साल लगभग 88 घंटे तक चले 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हवाई रक्षा में मिग-29 यूपीजी स्क्वाड्रन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अधिकारियों ने बताया कि 2008 के एक अनुबंध के तहत रूस के सहयोग से उन्नत किये गये इस विमान में उन्नत रडार, अतिरिक्त ईंधन टैंकों के माध्यम से विस्तारित रेंज और आधुनिक सुविधाएं हैं।

## शोधकर्ताओं ने परमाणु प्रतिष्ठानों को सुरक्षित बनाने के लिए विकिरण-रोधी सीमेंट मोर्टार विकसित किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने सीमेंट मोर्टार (सीमेंट, पानी और रेत को उचित अनुपात में मिलाकर तैयार किए गए मिश्रण) को अधिक मजबूत, टिकाऊ और हानिकारक विकिरण को रोकने में अधिक सक्षम बनाने की एक नयी विधि विकसित की है और इसका उद्देश्य परमाणु प्रतिष्ठानों को अधिक सुरक्षित बनाना है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस नए प्रकार के सीमेंट मोर्टार में ऐसी विशेषताएं जोड़ी गई हैं, जिससे यह सामान्य निर्माण सामग्री की तुलना में विकिरण को बेहतर तरीके से अवशोषित और अवरुद्ध कर सकता है। अधिकारियों के मुताबिक, इस तकनीक से तैयार मोर्टार न केवल विकिरण से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि इसकी मजबूती भी अधिक है, जिससे परमाणु प्रतिष्ठानों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित हो सकती है। इस शोध के निष्कर्ष प्रतिष्ठित जर्नल 'मैटीरियल एंड स्ट्रक्चर्स'' में प्रकाशित किए गए हैं। आईआईटी गुवाहाटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर हरिकेश शर्मा के अनुसार, शोधकर्ताओं ने पाया कि इस उन्नत मोर्टार से बने कंक्रीट में विकिरण के रिसाव (रेडिएशन लीकेज) के खतरे को कम करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि इससे परमाणु रिएक्टरों और अन्य विकिरण-संवेदनशील प्रतिष्ठानों जैसे स्थानों में समग्र सुरक्षा को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

## ओबीसी के लिए आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' का निर्धारण केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' का निर्धारण केवल माता-पिता की आय के आधार पर तय नहीं किया जा सकता है और आरक्षण तय करने के लिए निजी संस्थानों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के समान स्थिति वाले कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों से अलग मानना शत्रुता-पूर्ण भेदभाव के बराबर होगा। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा एवं आर महादेवन की पीठ ने भारत संघ की ओर से दायर अपीलों को खारिज कर दिया, जबकि दिल्ली, मद्रास और केरल के उच्च न्यायालयों के उन निर्णयों को बरकरार रखा, जिनमें सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) लाभ का दावा करने वाले उम्मीदवारों की पात्रता से संबंधित प्रावधान किये गये थे। पीठ ने कहा, ''वर्तमान मामलों के विशिष्ट तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय द्वारा अपनाया गया यह तर्क कि आरक्षण के लिए पात्रता का निर्णय करते समय निजी संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के समान स्थिति वाले कर्मचारियों के साथ सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों से अलग व्यवहार करना शत्रुतापूर्ण भेदभाव के बराबर होगा। इसने कहा कि ऐसा दृष्टिकोण निश्चित रूप से इस न्यायालय के विश्वास को मजबूत करता है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि किसी उम्मीदवार के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में क्रीमी लेयर या नॉन-क्रीमी लेयर में आने का निर्धारण केवल उसकी आय के आधार पर ही नहीं किया जा सकता।

## ईडी ने अनिल अंबानी के रिलायंस समूह के खिलाफ मामले में 581 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कीं



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों--आरएचएफएल और आरसीएफएल के खिलाफ अपनी जांच के तहत 581 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि 11 मार्च को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत गोवा, केरल, कर्नाटक, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में भूखंडों को कुर्क करने का अंतरिम आदेश जारी किया गया। ईडी ने कहा कि 581.65 करोड़ रुपये की ये संपत्तियां रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आ-रसीएफएल) से जुड़ी जांच के तहत कुर्क की गयी हैं।

## शहीद हवलदार की बेटी की शादी में साथियों ने निभाई पिता की जिम्मेदारी, 14 सैनिकों ने किया कन्यादान



**बागपत (उप्र) :** बागपत जिले के काठा गांव में शहीद हवलदार की बेटी की शादी में उनके साथियों ने भावनात्मक उदाहरण पेश किया। सैनिकों ने न सिर्फ विवाह समारोह की जिम्मेदारी संभाली बल्कि कन्यादान कर पिता की कमी को भी पूरा करने का प्रयास किया। इसका वीडियो हाल में सामने आने के बाद क्षेत्र में इसकी चर्चा हो रही है। जानकारी के मुताबिक, काठा गांव निवासी हरेंद्र सिंह सेना की 21 जाट रेजीमेंट में हवलदार थे। वर्ष 2020 में अरुणाचल प्रदेश में तैनाती के दौरान एक सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई थी। उनके परिवार में पत्नी अमृता, बेटी प्राची और दो बेटे हर्षित व अक्षित हैं। हरेंद्र के परिजन ने बृहस्पतिवार को बताया कि उनकी बड़ी बेटी प्राची का विवाह नौ मार्च को शामली जिले के कानियान निवासी शुभम के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि शादी का निमंत्रण मिलने पर हरेंद्र सिंह के कई साथी सैनिक छुट्टी लेकर गांव पहुंचे और समारोह में सक्रिय भूमिका निभाई।

## अब अभिभावक बना सकेंगे 13 साल से छोटे बच्चों का व्हाट्सएप खाता

**नयी दिल्ली :** मेटा के स्वामित्व वाले संदेश मंच व्हाट्सएप ने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अभिभावक नियंत्रित खाते शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत अभिभावकों की कड़ी निगरानी में छोटे बच्चों को इस मंच का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी। यह कदम संदेश मंच की नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि अब तक इस मंच के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा 13 वर्ष (कुछ क्षेत्रों में इससे अधिक) रखी गई थी। व्हाट्सएप ने अपने 'ब्लॉग' में कहा, '' परिवारों व विशेषज्ञों से मिले सुझावों के आधार पर अभिभावक-नियंत्रित खातों की नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत माता-पिता या अभिभावक छोटे बच्चों के लिए व्हाट्सएप खाता बना सकेंगे और उनके उपयोग को केवल संदेश भेजने तथा कॉल करने तक सीमित कर सकेंगे।'' कंपनी के अनुसार, अभिभावक बच्चों की संपर्क सूची नियंत्रित कर सकेंगे, हालांकि संदेशों की सामग्री 'एंड टू एंड एन्क्रिप्शन' से सुरक्षित रहेगी। नई नियंत्रण व्यवस्था और अन्य 'सेटिंग' को अभिभावक 'पिन' के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा और केवल माता-पिता ही गोपनीयता संबंधी 'सेटिंग' को देख या बदल सकेंगे। कंपनी ने बताया कि यह सुविधा फिलहाल चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है।

# नेता प्रतिपक्ष और किसी भी सदस्य को नियम के खिलाफ जाकर बोलने का विशेषाधिकार नहीं: बिरला



**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने निष्पक्षता और नियमों के अनुरूप सदन की कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया है तथा किसी भी सदस्य को नियमों से परे जाकर बोलने का विशेषाधिकार नहीं है। बिरला ने विपक्ष द्वारा उनके खिलाफ लाए गए संकल्प को सदन द्वारा अस्वीकार किए जाने पर सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह पूरी निष्ठा और संवैधानिक मर्यादा के साथ जिम्मेदारी निभाने का प्रयास करेंगे। बिरला ने कहा, ''यह सदन भारत के 140 करोड़ नागरिकों की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करता है...हमेशा यह प्रयास किया है कि सदन के अंदर प्रत्येक सदस्य नियमों और प्रक्रियाओं के तहत अपने मुद्दों पर विचार व्यक्त करें और सभी सदस्यों को इसके लिए पर्याप्त अवसर मिले। यह सदन समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े हर उस व्यक्ति की आवाज बने जिसे आज हमारी सबसे अधिक आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने दोनों कार्यकाल में उन सभी माननीय सदस्यों से बोलने का आग्रह किया जिन्होंने सदन में एक बार भी नहीं बोला था। क्योंकि इस सदन में बोलने से लोकतंत्र का संकल्प और मजबूत होता है और सरकार की जवाबदेही भी तय होती है।'' बिरला का कहना था, ''मैंने हमेशा यह प्रयास किया है कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के साथ संचालित हो। सदन में सभी को साथ लेकर सामन्जस्य से व्यवस्था एवं कार्यकुशलता बनाये रखना अध्यक्ष का मुख्य कार्य है। मेरा हमेशा यह प्रयास रहता है कि सदन की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रहे।'' लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने के बाद से नैतिक कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए उन्होंने सदन की कार्यवाही से अपने आपको अलग कर लिया था। उन्होंने कहा, ''मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस विश्वास को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा के साथ आगे निभाने का प्रयास करूंगा।'' बिरला ने कहा, ''चर्चा के दौरान कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता को बोलने से रोका जाता है व उन्हें बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जाता है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि चाहे सदन के नेता हों, चाहे नेता प्रतिपक्ष हों, मंत्रिगण या अन्य कोई सदस्य हो, सभी को सदन के नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए ही बोलने का अधिकार मिलता है।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''कुछ माननीय सदस्यों का यह मानना है कि प्रतिपक्ष के नेता सदन में कभी भी उठकर किसी भी विषय पर कुछ भी बोल सकते हैं। उन्हें लगता हैं कि यह उनका विशेषाधिकार है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि सदन नियमों से चलता है और सदन के कार्य संचालन नियम सदन द्वारा ही बनाए गए हैं।'' बिरला के अनुसार, सदन में जब भी लोक महत्व के किसी विषय पर यदि प्रधानमंत्री या मंत्रियों को वक्तव्य देना होता है, तो उन्हें नियम 372 के तहत अध्यक्ष से पूर्व सम्मति प्राप्त करनी होती है।

## पश्चिम एशिया में तीन भारतीय नाविक मारे गए, एक लापता : सरकार

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच अब तक तीन भारतीय नाविक मारे गए हैं और एक लापता है। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में विदेशी जहाजों पर हुए हमलों में चार भारतीय नाविक घायल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट पर मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि विदेशी ध्वज वाले जहाजों पर 78 भारतीय नाविक थे। इनमें से 70 लोग बाल-बाल बच गए, जबकि चार घायल हुए थे, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। तीन लोगों की मौत हो चुकी है और एक नाविक लापता है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय फारस की खाड़ी की मौजूदा समुद्री स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। उद्योग जगत और हितधारकों के साथ नियमित रूप से बातचीत जारी है ताकि सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जा सके, और सरकार भारतीय नाविकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिन्हा ने यह भी कहा कि सभी प्रमुख बंदरगाहों को सीमा शुल्क और 'डीजीएफटी' जैसी एजेंसियों के साथ समन्वय करने और बंदरगाह शुल्क में राहत देने पर विचार करने की सलाह दी गई है।

## सरकार ने सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग का सात और जिलों में विस्तार किया



**नयी दिल्ली:** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि छठे चरण के तहत सोने के आभूषणों और कलाकृतियों की ज़रूरी हॉलमार्किंग का सात और ज़िलों में विस्तार किया गया है, जिससे यह पूरे भारत के 380 ज़िलों में लागू हो जाएगी। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि ये सात ज़िले – रूपनगर (पंजाब), बांदा (उत्तर प्रदेश), बीड (महाराष्ट्र), गोमती (त्रिपुरा), कटिहार (बिहार), ब्यावर (राजस्थान) और नीमच (मध्य प्रदेश) हैं। भारत में 14, 18, 20, 22, 23 और 24 कैरेट सोने के आभूषणों और कलाकृतियों के लिए ज़रूरी स्वर्ण हॉलमार्किंग 23 जून, 2021 को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 256 ज़िलों से शुरू की थी। इसे कई चरणों में लागू किया गया था। चरण दो (अप्रैल, 2022) में 32 ज़िले जोड़े गए, चरण तीन (सितंबर, 2023) में 55 और ज़िले शामिल किए गए। चरण चार (नवंबर, 2024) में 18 ज़िले जोड़े गए, और पांच (जुलाई 2025) में 12 ज़िले शामिल किए गए, जिससे कुल 373 ज़िले शामिल हो गए। बयान में कहा गया है कि इस साल पांच मार्च तक, उपभोक्ता संरक्षण के लिए 60 करोड़ सोने की चीज़ों को हॉलमार्क किया गया था। स्वर्ण हॉलमार्किंग बीएसई द्वारा स्वीकृत परीक्षण के ज़रिये सोने की शुद्धता का एक गुणवत्ता प्रमाणीकरण है, जो मिलावटी उत्पादों से होने वाली धोखाधड़ी को रोकता है।

## अमेरिका ने भारत, चीन सहित कई व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ जांच शुरू की

**न्यूयॉर्क:** अमेरिका ने भारत, चीन, जापान और यूरोपीय संघ जैसे अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ जांच शुरू की है। इसका उद्देश्य उन ''अनुचित विदेशी प्रथाओं' की पता लगाना है जिनसे अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्र पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301(बी) के तहत विभिन्न देशों की नीतियों, कार्यों तथा प्रथाओं की जांच शुरू करने की घोषणा की। यह जांच विनिर्माण क्षेत्रों में संरचनात्मक अतिरिक्त क्षमता एवं अत्यधिक उत्पादन से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित है। यह जांच बांग्लादेश, कंबोडिया, चीन, यूरोपीय संघ, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, मेक्सिको, नॉर्वे, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ताइवान, थाईलैंड और वियतनाम के खिलाफ शुरू की गई है। यूएसटीआर ग्रीर ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि जांच के दौरान यह तय किया जाएगा कि इन देशों की नीतियां और प्रथाएं अनुचित या भेदभावपूर्ण हैं या नहीं और क्या वे अमेरिकी व्यापार पर बोझ डालती हैं या उसे सीमित करती हैं। ग्रीर ने कहा, अमेरिका अब अपने औद्योगिक आधार को उन देशों के लिए बलिदान नहीं करेगा, जो अतिरिक्त उत्पादन एवं क्षमता की अपनी समस्याएं हमारे यहां निर्यात कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि यह जांच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस संकल्प को दर्शाती है, जिसके तहत महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं को फिर से अमेरिका में स्थापित करने एवं अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्रों में बेहतर वेतन वाली नौकरियां उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रीर ने कहा कि कई विदेशी अर्थव्यवस्थाओं में विनिर्माण क्षेत्रों में अत्यधिक उत्पादन क्षमता है और कई देशों में घरेलू खपत से अधिक वस्तुओं का उत्पादन हो रहा है।

# पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से निवेशकों की संपत्ति 23.44 लाख करोड़ रुपये घटी



**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अबतक निवेशकों की संपत्ति 23.44 लाख करोड़ रुपये घट गयी है। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले से शेयर बाजारों में तेज गिरावट आई है और बीएसई सेंसेक्स छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया है। इस संघर्ष के कारण फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित संकरे जलमार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.66 प्रतिशत बढ़कर 98.11 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार में 27 फरवरी से, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 5,252.77 अंक यानी 6.46 प्रतिशत नीचे आया है। इस दौरान बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 23,44,237.26 करोड़ रुपये घटकर 4,40,06,434.01 करोड़ रुपये (4,770 अरब डॉलर) हो गया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 829.29 अंक यानी 1.08 प्रतिशत टूटकर 76,034.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 992.53 अंक लुढ़क कर 75,871.18 अंक पर आ गया था।

### कच्चे तेल में दाम में तेजी से बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 829 अंक और लुढ़का

**मुंबई:** पश्चिम एशिया में संकट के कारण कच्चे तेल के दाम में तेजी का असर घरेलू शेयर बाजार पर पड़ना जारी है। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 829 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 228 अंक के नुकसान में रहा। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में सुस्ती, रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

### अदाणी फाउंडेशन 'स्वाभिमान' पहल के तहत 10 लाख महिलाओं को सशक्त बनाएगा

**मुंबई:** अदाणी समूह की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) इकाई अदाणी फाउंडेशन ने अपनी 'स्वाभिमान' पहल के तहत देशभर की 10 लाख महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना बनाई है। फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि एक महिला को सशक्त बनाना केवल एक व्यक्ति की मदद करना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में निवेश करना है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा अदाणी इलेक्ट्रिसिटी और महिला आर्थिक विकास महामंडल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रीति अदाणी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण केवल दान से नहीं, बल्कि अवसर, संभावनाओं और क्षमताओं के निर्माण से होता है। उन्होंने कहा, 'जब भी मैं स्वाभिमान से जुड़ी महिलाओं से मिलती हूं, उनकी आकांक्षाएं मुझे गहराई से प्रेरित करती हैं। वे अपने छोटे व्यवसायों के विस्तार, उत्पादों की सही कीमत तय करने, जिम्मेदारी से ऋण चुकाने और पैसे बचाने के बारे में बात करती हैं।'

## दूध उत्पादकों, विक्रेताओं के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र लेना जरूरी : खाद्य नियामक



**नयी दिल्ली:** देश के कुछ हिस्सों में मिलावट की खबरों के बीच खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को छोड़कर, सभी दूध उत्पादकों और दूध विक्रेताओं के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र लेना ज़रूरी कर दिया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य खाद्य आयुक्तों को दूध उत्पादक (डेयरी सहकारी समिति के सदस्यों को छोड़कर) और दूध विक्रेताओं के लिए ज़रूरी पंजीकरण/लाइसेंस के बारे में एक परामर्श जारी किया है। नियामक ने बताया कि कुछ दूध उत्पादक और दूध विक्रेता खाद्य व्यवसाय गतिविधियां करने के लिए खुद को पंजीकृत किए बिना या लाइसेंस लिए बिना काम कर रहे हैं। नियामक ने कहा, ''सभी दूध उत्पादकों (उनके अलावा जो सहकारी समिति कानून के तहत डेयरी सहकारी समिति के पंजीकृत सदस्य हैं) और दूध बेचने वालों को सलाह दी जाती है कि वे अपना काम शुरू करने या जारी रखने से पहले एफएसएसएआई के साथ खुद को ज़रूरी तौर पर पंजीकृत करें।'' एफएसएसएआई ने राज्य के खाद्य आयुक्तों से कहा, ''सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में दूध में मिलावट की हालिया घटनाओं को देखते हुए, पंजीकरण-लाइसेंसिंग की ज़रूरतों का सख्ती से पालन किया जाएगा।'' एफएसएसएआई ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्षम प्राधिकरणों से यह भी कहा कि वे संबंधित निर्दिष्ट अधिकारियों/केन्द्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरणों और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को यह जांच करने का निर्देश दें कि ऐसे सभी दूध उत्पादक और दूध बेचने वालों के पास वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र या लाइसेंस है कि नहीं।

## न्यूज अपडेट

### पश्चिम एशिया संकट, डॉलर की मजबूती से तेल-तिलहन कीमतों में उछाल

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में संघर्ष के जारी रहने और डॉलर के मजबूत होने से देश के तेल-तिलहन बाजार में बृहस्पतिवार को सरसों मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, पाम एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में मजबूती देखी गई। मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में मजबूती का रुख है। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बायोडीजल बनाने के लिए कच्चे पामतेल (सीपीओ) जैसे खाद्य तेल की मांग बढ़ने तथा डॉलर के मजबूत होने से कच्चे तेल के दाम में तेजी रही। इसके अलावा पश्चिम एशिया में युद्ध का संकट बने रहने और खाद्य तेलों की आपूर्ति प्रभावित रहने के बीच कई स्थानों पर संकट गहराने लगा है। भविष्य का भी कोई अनुमान लगाना लगभग असंभव है। इस अफरा-तफरी के बीच सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत हो गये हैं।

### रुपया 24 पैसे टूटकर 92.25 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया 24 पैसे लुढ़ककर 92.25 प्रति डॉलर के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में जबर्दस्त तेजी तथा विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण रुपये में यह तेज गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बीच घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और डॉलर के मजबूत होने से भारतीय मुद्रा पर असर पड़ा।

### सेबी का निवेशक की मृत्यु के बाद वारिसों के लिए दावा प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली:** बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को निवेशक की मृत्यु के बाद वारिसों को प्रतिभूतियों के हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव किया। इस पहल से नामांकित व्यक्ति और कानूनी वारिस वित्तीय संपत्तियों पर आसानी से दावा कर सकेंगे। सेबी के परामर्श पत्र के अनुसार, नियामक ने सरलीकृत दस्तावेजीकरण के लिए मौद्रिक सीमा में संशोधन करने और छोटे दावों के लिए 'सीधा और निर्बाध प्रसंस्करण' (एसटीपी) तंत्र शुरू करने का सुझाव दिया है ताकि कागजी कार्रवाई कम हो सके और दावों के निपटान में तेजी आए।

### मजबूत वैश्विक रुख के बीच चांदी में 1,500 रुपये का उछाल, सोना 400 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक रुख और पश्चिम एशिया संकट के बढ़ने के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 2.76 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 1,500 रुपये या 0.54 प्रतिशत बढ़कर 2,76,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गई। बुधवार को यह 4,275 रुपये की गिरावट के साथ 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतें 400 रुपये टूटने से तीन दिन की तेजी खत्म हो गई, और यह 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,65,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### ऑडी इंडिया एक अप्रैल से वाहनों की कीमतें दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी

**नयी दिल्ली:** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी बढ़ती लागत एवं रुपये में उतार-चढ़ाव के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए भारत में अपने वाहनों की कीमतें एक अप्रैल 2026 से दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी। ऑडी इंडिया ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी हर मॉडल पर लागू होगी। विभिन्न मॉडल की 'एक्स-शोरूम' कीमतों में अधिकतम दो प्रतिशत तक वृद्धि की जाएगी। ऑडी इंडिया के ब्रांड निदेशक बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, 'हाल में कच्चे माल की लागत बढ़ने और रुपये में उतार-चढ़ाव के कारण हम एक अप्रैल 2026 से कीमतों में अधिकतम दो प्रतिशत तक समायोजन कर रहे हैं।



## सुमित अंतिल ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता



**नयी दिल्ली:** पैरालंपिक खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट सुमित अंतिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। दिन की मुख्य स्पर्धा निश्चित रूप से पुरुषों की भाला फेंक (एफ43, एफ44, एफ64) स्पर्धा थी जिसमें तोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने वाले अंतिल ने 69.25 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल करके भारतीय टीम की अगुआई की। पुष्पेंद्र सिंह ने 56.91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जबकि पूनम राम ने 49.48 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। भारत 54 स्वर्ण सहित 167 पदक जीतकर शीर्ष पर बना हुआ है जबकि रूस 11 स्वर्ण से 23 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की 400 मीटर टी13 स्पर्धा में भी दबदबा बनाया जिसमें सुबोध भट्ट ने 51.88 सेकंड में स्वर्ण जीता। उनके बाद प्रियांशु कौशिक (53.19 सेकंड) और अवनिल कुमार (56.91 सेकंड) रहे। पुरुषों की 400 मीटर टी46-टी47 स्पर्धा में भाविककुमार दीन भरवाड़ ने 49.89 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता जबकि साथी भारतीय जसबीर 50.09 सेकंड के साथ रजत पदक जीतने में उनके ठीक पीछे रहे। सर्बिया के इवान क्वेतकोविक ने 50.93 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने पुरुषों की 400 मीटर टी53-टी54 स्पर्धा की व्हीलचेयर वर्ग में अपना दबदबा बनाए रखा जिसमें मनोजकुमार सबपति ने 54.33 सेकंड में स्वर्ण, अनिल कुमार ने 57.57 सेकंड में रजत और मणिकंदन जोथी ने 1:01.94 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में भी भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। 400 मीटर टी11-टी12 स्पर्धा में तेजलबेन अमराजी डामोर ने 57.53 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता। ललिता किलाका ने 1:07.92 के समय के साथ रजत और शालिनी चौधरी ने 1:16.79 के समय के साथ कांस्य के साथ कांस्य पदक जीता। इससे भारत ने एक और पोडियम स्वीप पूरा किया।

### दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना

**दुबई:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को बताया कि टी20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना हो गया है, जिससे पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खाड़ी देशों के हवाई क्षेत्र के बंद होने से पैदा हुई परेशानी खत्म हो गई। खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण भारत में टी20 विश्व कप खेलने के लिए आई टीमों का कार्यक्रम अस्त-व्यस्त हो गया। इससे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में फंस गई क्योंकि दुबई जैसे प्रमुख हवाई अड्डे और हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया था। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने अंतिम मैच क्रमशः एक मार्च और चार मार्च को कोलकाता में खेले थे।

# बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में गिल का 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना जाना तय



**नयी दिल्ली:** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का 15 मार्च को यहां होने वाले बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना जाना तय है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को हाल में विश्व कप के खिताब का बचाव करने वाली टी20 टीम में नहीं चुना गया था, लेकिन उन्होंने अन्य दो प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया। गिल ने 2025 में टेस्ट मैचों में 70 से अधिक के औसत से 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर ड्रॉ रही श्रृंखला में बनाए गए 754 रन भी शामिल हैं। गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट में भी भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 188 रन बनाए और इस तरह से वर्ष 2025 में वनडे में कुल 490 रन बनाए। गिल ने कुल मिलाकर तीनों प्रारूपों में 49 के औसत से 1,764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा, लेकिन आईपीएल में वह शानदार फॉर्म में थे। आईपीएल में उन्होंने गुजरात टाइटन्स की तरफ से खेलते हुए 50 की औसत से 650 रन बनाए। भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भारतीय क्रिकेट में उनके अमूल्य योगदान के लिए कर्नल सीके नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया जाना तय है। उनके मुख्य कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ एसोसिएशन का पुरस्कार मिलने की संभावना है।

### विश्व कप में जगह बनाने के बाद भारतीय महिला टीम की नजरें एफआईएच क्वालीफायर जीतने पर

**हैदराबाद:** विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें अब एफआईएच विश्व कप क्वालीफायर जीतने पर लगी है और इसके लिये शुक्रवार को इटली के खिलाफ सेमीफाइनल जीतना पहला कदम होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम पूल बी में तीन मैचों में सात अंक लेकर शीर्ष पर रही। स्कॉटलैंड के भी सात अंक थे लेकिन गोल औसत में पिछड़ने के कारण वह दूसरे स्थान पर है। भारत ने पूल चरण में दो मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। इटली पूल ए में दूसरे स्थान पर रही जिसने एक मैच जीता , एक ड्रॉ खेला और एक गंवाया। भारत के लिये फॉरवर्ड नवनीत कौर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है जो अब तक चार गोल कर चुकी हैं। उन्होंने वेल्स के खिलाफ आखिरी पूल मैच में हैट्रिक लगाई थी। इटली की उम्मीदें फेडरिका कार्टा पर टिकी होंगी जो अब तक तीन गोल कर चुकी है। कागजों पर भारत का पलड़ा भारी लग रहा है। आमने सामने के मुकाबलों में दोनों टीमें 2012 से अब तक एक दूसरे के खिलाफ सात बार खेली हैं जिनमें से पांच भारत ने जीते, एक इटली ने और एक मैच ड्रॉ रहा। भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा,' एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 में जगह बनाना इस टीम के लिये बड़ी उपलब्धि है। खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में जिस तरह का प्रदर्शन किया , वह काबिले तारीफ है।'

### गुंजन, राधामनी, चंद्रिका विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में जीते

**बैंकॉक:** गुंजन, राधामनी लोंगजाम और चंद्रिका पुजारी ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के पांचवें दिन बृहस्पतिवार को अपने अपने मुकाबले जीते। सुबह के सत्र में गुंजन (48 किलो ) ने पोलैंड की प्रतिद्वंद्वी पर 5 . 0 से जीत दर्ज की। राधामनी (57 किलो ) ने इक्वाडोर की विरोधी को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने पर हराया। प्राची (60 किलो ) को स्लोवाकियाई मुक्केबाज ने 5 . 0 से हराया जबकि प्रियांश सेहरावत (70 किलो ) को मोरक्को के मुक्केबाज ने पुरूष वर्ग में 5 . 0 से मात दी। शाम के सत्र में चंद्रिका पुजारी (50 किलो ) ने अमेरिकी मुक्केबाज को 5 . 0 से मात दी।

### दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद है: बुमराह



**अहमदाबाद:** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें बुमराह ने कहा, ''मैं पर्दे के पीछे नहीं रहना चाहता हूं। मैं हमेशा सक्रिय रूप से भाग लेना चाहता हूं। मुझे शुरू से ही चुनौतियां पसंद हैं।'' बुमराह को फाइनल में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने कहा, ''मैंने क्रिकेट इसी मकसद से खेला है। मैंने क्रिकेट खेलना इसी मकसद से शुरू किया था। जब मैं कुछ बदलाव लाता हूं तो मुझे बहुत खुशी मिलती है। इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है।' गुजरात में जन्में इस तेज गेंदबाज के लिए यह जीत भावनात्मक रूप से और भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह जीत उसी स्थान पर मिली जहां से उनके क्रिकेट करियर की शुरुआत हुई थी। बुमराह ने कहा, ''मैंने यहीं से क्रिकेट खेलना शुरू किया। मैंने अपना अधिकतर क्रिकेट यहीं खेला है। मैं यहीं गुजरात के लिए खेलते हुए आगे बढ़ा। यहीं विश्व कप जीता और मैन ऑफ द मैच बना। पिछली बार (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप 2023 का फाइनल) हम बस थोड़ा सा चूक गए थे, लेकिन इस बार जीत हासिल करने में सफल रहे। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं।'

## न्यूज अपडेट

### मंत्रालय ने एनसीएसएसआर से खिलाड़ियों फिटनेस टेस्ट के लिए मानक प्रक्रिया तैयार करने को कहा

**नयी दिल्ली:** खेल मंत्रालय ने भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के चिकित्सा मूल्यांकन का मानकीकरण करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) को निश्चित अवधि में फिटनेस समीक्षा के लिए प्रत्येक खेल के लिए विशिष्ट प्रोटोकॉल तैयार करने का निर्देश दिया है, जिसे राष्ट्रीय खेल संग्रह प्रणाली पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) पूरी प्रक्रिया का समन्वय करेगा। पत्र में कहा गया है, 'खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एकीकरण को महत्व देने वाली खेलो भारत नीति 2025 के नीतिगत ढांचे के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के लिए एक मानकीकृत, गतिशील और मजबूत तंत्र शुरू करने का फैसला किया गया है।' इसमें कहा गया है, 'भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) संबंधित एनएसएफ के समन्वय से प्रत्येक खेल के लिए विशिष्ट फिटनेस प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेंगे। साइ इन्हें अंतिम रूप देने के बाद इनके कार्यान्वयन के लिए एनएसएफ को सलाह देगा।'

### निवेशकों की ठंडी प्रतिक्रिया के बाद इनोविजन ने आईपीओ की अवधि 17 मार्च तक बढ़ाई, मूल्य दायरा घटाया

**नयी दिल्ली :** मानव संसाधन और टोल प्लाजा प्रबंधन सेवाएं देने वाली कंपनी इनोविजन लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की अंतिम तारीख 17 मार्च तक बढ़ा दी है। निवेशकों की ओर से सुस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद कंपनी ने निर्गम के लिए कीमत के दायरे में भी कटौती की है। पिछले कार्यक्रम के अनुसार आईपीओ 10 मार्च को खुलकर 12 मार्च को बंद होने वाला था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक, कंपनी ने अब मूल्य दायरे को घटाकर 494-519 रुपये प्रति शेयर कर दिया है, जो पहले 521-548 रुपये प्रति शेयर था। बोली के लिए कीमत का नया दायरा 13 मार्च से प्रभावी होगा। निर्गम के पहले तीन दिन के दौरान निवेशकों की भागीदारी काफी कम रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के मुताबिक, तीसरे दिन तक आईपीओ को कुल मिलाकर केवल 32 प्रतिशत अभिदान मिला था। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित हिस्सा 99 प्रतिशत भरा, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 36 प्रतिशत अभिदान मिला। खुदरा निवेशक खंड में मांग सबसे कमजोर रही, जहां केवल 28 प्रतिशत अभिदान मिला।

### गूगल मैप्स में बदलाव, अब एआई की मदद से सुझाएगा सटीक रास्ता

**न्यूयॉर्क :** दिग्गज कंपनी गूगल ने बृहस्पतिवार को अपने डिजिटल मानचित्र मंच 'गूगल मैप्स' में बड़े बदलाव की घोषणा करते हुए कहा कि अब यह सेवा लोगों को कहीं जाने की योजना बनाने और वहां पहुंचने का बेहतर तरीका बताने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का अधिक इस्तेमाल करेगी। गूगल की 'जेमिनी' प्रौद्योगिकी से संचालित इस बदलाव के तहत मैप्स में दो नई एआई आधारित सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। दुनिया भर में 200 करोड़ से अधिक लोग इस सेवा का इस्तेमाल करते हैं। पहली सुविधा 'आस्क मैप्स' है, जो उपयोगकर्ताओं को बातचीत के अंदाज में सुझाव देगी। इसके जरिये उपयोगकर्ता मोबाइल चार्ज करने की नजदीकी जगह, कम भीड़ वाले कैफे या कई ठहराव वाली सड़क यात्रा के लिए विस्तृत यात्रा कार्यक्रम जैसी जानकारी पूछ सकेंगे। कंपनी ने बताया कि जेमिनी के सुझाव 30 करोड़ से अधिक स्थानों के डेटाबेस और 50 करोड़ से ज्यादा योगदानकर्ताओं की समीक्षा पर आधारित होंगे।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3529 अंक 339 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in